E-PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

जयपुर
20 सितंबर, 2026
रविवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 68 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

# जोधपुर नगर निगम; मेयर के लिए बीजेपी से प्रसन्नचंद मेहता, कांग्रेस से राजेंद्र सोलंकी उम्मीदवार

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

नगर निगम जोधपुर में बीजेपी ने मेयर पद पर प्रसन्नचंद मेहता का नाम घोषित किया है। वहीं कांग्रेस से राजेंद्र सोलंकी मेयर उम्मीदवार होंगे। सोलंकी ने पार्षद का चुनाव नहीं लड़ा था। बीजेपी कैंडिडेट मेहता ने दोपहर करीब डेढ़ बजे नगर निगम पहुंचकर नामांकन दाखिल कर दिया। नोमिनेशन करते समय उनके साथ संभाग प्रभारी भूपेंद्र सैनी, जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, शहर विधायक अतुल भंसाली, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी सहित पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे।वहीं कांग्रेस ने (हाइब्रिड) गैर पार्षद राजेंद्र सोलंकी को मेयर पद पर उम्मीदवार बनाया है। सोलंकी ने दोपहर करीब सवा दो बजे नॉमिनेशन दाखिल किया। सोलंकी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी हैं। उन्होंने निगम चुनाव में पार्षद का चुनाव नहीं लड़ा था। बता दें कि राजस्थान में 2019 से पहले गैर पार्षद निकाय प्रमुख का चुनाव नहीं लड़ सकते थे। मेयर, सभापति और नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव केवल पार्षद ही लड़ सकते थे। कांग्रेस राज में पुराने नियमों को बदलकर इसका प्रावधान किया गया था।



### भाजपाः नाम फाइनल, फिर पहुंचे प्रतिनिधि

निकाय चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सैनी ने प्रसन्नचंद मेहता के नाम की घोषणा की। इसके बाद उन्होंने मेहता के तिलक लगाया और फिर वे जोधपुर के लिए रवाना हुए। इधर, नाम की घोषणा होते ही मेहता के प्रतिनिधि निगम ऑफिस पहुंचे और नॉमिनेशन की फीस जमा करवाई।

### कांग्रेसः 4 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा

इस बीच 12 बजे के करीब कांग्रेस के पदाधिकारी पहुंचे। राजेंद्र सोलंकी के साथ करण सिंह उचियारड़ा और पूर्व विधायक मनीषा पंवार के साथ नरेश जोशी, प्रदीप गांग और गणपत सिंह थे। इससे पहले गणपत सिंह के प्रतिनिधि निगम आए और दावा किया कि 1 बजे वे नामांकन करेंगे। इधर, कुछ देर बाद ही कांग्रेस के पदाधिकारी निगम पहुंचे और कहा कि कांग्रेस एक नहीं बल्कि चार प्रत्याशियों के नामांकन करवाएगी। इसके बाद पार्टी जिस नाम पर सहमति देगी, वह फाइनल उम्मीदवार होगा। इधर, कांग्रेस ने अपनी रणनीति बदली और सिंगल फॉर्म जमा कराने पर विचार किया।

### मेहता ने किए देव दर्शन

मेहता पार्टी पदाधिकारियों के साथ दोपहर करीब 12:15 बजे जोधपुर पहुंचे। नॉमिनेशन से पहले वे पाल बालाजी मंदिर पहुंचे। इसके बाद वे जब्बर नाथ महादेव मंदिर पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना करने के बाद वे नॉमिनेशन करने के लिए आए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से आने वाले प्रसन्नचंद मेहता संगठन के पुराने सिपाही हैं और भाजपा में जिलाध्यक्ष से लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे कई अहम पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 21 सितंबर को

**जोधपुर**। नगर निगम जोधपुर के अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन शनिवार को दो अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके साथ ही अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो गई। रिटर्निंग अधिकारी, नगर निगम जोधपुर राम किशोर मीणा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कुल दो अभ्यर्थियों ने दो नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं। इससे पूर्व नामांकन के प्रथम दिन 18 सितंबर को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया था। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 21 सितंबर को की जाएगी। अभ्यर्थी 22 सितंबर तक अपनी अभ्यर्थिता वापस ले सकेंगे। इसके बाद निर्वाचन की आगामी प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगी।

### स्पाइसजेट की कई उड़ानें रद्द और लेट, यात्री हुए परेशान

**नई दिल्ली**। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर शनिवार को परिचालन (ऑपरेशनल) संबंधी दिक्कतों के कारण स्पाइसजेट की कई फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। कई उड़ानों में घंटों की देरी हुई, जबकि कुछ रद्द कर दी गईं, जिससे सैकड़ों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली एयरपोर्ट ने सोशल मीडिया पर इस असुविधा के लिए यात्रियों से माफी मांगी है और बताया कि सहायता प्रदान की गई।



### मां मोबाइल देख रही थी, बच्ची ट्रेन से गिरी

**जबलपुर**। जबलपुर में पवन एक्सप्रेस में मां के साथ सफर कर रही डेढ़ साल की बच्ची चलती ट्रेन से अचानक नीचे गिर गई। घटना 15 सितंबर को कटनी-जबलपुर के बीच हुई। ट्रेन कटनी स्टेशन से निकलने के बाद करीब 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। बच्ची इमरजेंसी खिड़की से करीब 8 फीट नीचे नुकीली गिट्टियों पर जा गिरी। उसे गायब देख मां संजीदा खातून बदहवास हो गईं। यात्रियों ने फौरन चेन पुलिंग की और ट्रैक पर दौड़कर बच्ची को उठा लिया। उसके सिर, पीठ, हाथ-पैर में चोट लगने से बच्ची के शरीर से खून निकल रहा था। 26 वर्षीय संजीदा मुजफ्फरपुर की रहने वाली हैं। उनके पति मुंबई में नौकरी करते हैं। वह डेढ़ साल की बेटी के साथ मुजफ्फरपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई जा रही थीं।

## » अंदर विशेष

▪ माउंटआबूः गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन, शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु ...पढ़े पेज 2 पर

▪ भीलवाड़ा में कार व बाइक की भिड़ंत में पति-पत्नी और बेटे की मौत ...पढ़े पेज 5 पर

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ किया समझौता

# अमेरिकी सेना की 'मौजूदगी' बढ़ेगी रूस-चीन नहीं बना सकेंगे सैन्य अड्डे

तीनों देशों की सरकारें अगले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हस्ताक्षर करेंगी

ट्रंप के मुताबिक, समझौते में ग्रीनलैंड में अमेरिका के विरोधी देशों के सैन्य अड्डे बनाने पर रोक होगी। इसके अलावा, ग्रीनलैंड के संवेदनशील इलाकों में कोई बड़ा निवेश अमेरिका की लिखित मंजूरी के बिना नहीं किया जा सकेगा

**वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत ग्रीनलैंड में अमेरिकी सेना की मौजूदगी बढ़ेगी और रूस-चीन जैसे गैर-नाटो देशों को वहां सैन्य अड्डा बनाने की अनुमति नहीं होगी।

यह समझौता ग्रीनलैंड के भविष्य में आजाद होने की स्थिति में भी लागू रहेगा। डेनमार्क के पीएम कार्यालय ने कहा कि समझौते से डेनमार्क और ग्रीनलैंड की संप्रभुता बरकरार रहेगी। ग्रीनलैंड अभी डेनमार्क के अधीन एक स्वशासित क्षेत्र है। ट्रंप ने जनवरी में कहा था कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका का नियंत्रण होना जरूरी है और वे इससे कम कुछ भी मंजूर नहीं करेंगे।

वे अपने पहले कार्यकाल से ही ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाने की बात करते रहे हैं। अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारें अगले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान इस पर हस्ताक्षर करेंगी। इसे लागू करने के लिए डेनमार्क और ग्रीनलैंड के संसदों की मंजूरी जरूरी होगी।



एआई इमेज

### ग्रीनलैंड में निवेश के लिए अमेरिका की लिखित मंजूरी जरूरी

ट्रंप के मुताबिक, समझौते में ग्रीनलैंड में अमेरिका के विरोधी देशों के सैन्य अड्डे बनाने पर रोक होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ग्रीनलैंड में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करेगा। ऐसी जगहें हैं जहां अमेरिकी सेना की मौजूदगी बढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा, ग्रीनलैंड के संवेदनशील इलाकों में कोई बड़ा निवेश अमेरिका की लिखित मंजूरी के बिना नहीं किया जा सकेगा। ग्रीनलैंड नाटो क्षेत्र में आता है। ऐसे में रूस और चीन जैसे गैर-नाटो देशों की सैन्य मौजूदगी रोकने वाला यह प्रावधान अमेरिका के लिए रणनीतिक तौर पर अहम माना जा रहा है।

**ग्रीनलैंड अभी डेनमार्क के अधीन एक स्वशासित क्षेत्र** | **डेनमार्क और ग्रीनलैंड के सांसदों की अनुमति बाकी**

### ग्रीनलैंड में 1951 से है अमेरिकी सेना

ग्रीनलैंड में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी नई नहीं है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने पहली बार यहां सैन्य मौजूदगी बनाई थी। 1951 में अमेरिका और डेनमार्क के बीच एक रक्षा समझौता हुआ। इसके तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में सैन्य ठिकाने चलाने और अपनी सेना की गतिविधियां करने की काफी आजादी मिली। इस समझौते में नाटो देशों की सेनाओं को भी ग्रीनलैंड में पहुंच की अनुमति थी। हालांकि, रूस या चीन जैसे देशों की सैन्य मौजूदगी पर साफ रोक नहीं थी।

### पुराने ठिकानों को सक्रिय करेगा यूएस

शीत युद्ध के दौरान अमेरिका के ग्रीनलैंड में एक दर्जन से ज्यादा सैन्य ठिकाने थे। बाद में इनमें से ज्यादातर बंद कर दिए गए। फिलहाल वहां अमेरिका का पिटुफिक स्पेस बेस मौजूद है। हाल के हफ्तों में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के ग्रीनलैंड का दौरा करने से पुराने सैन्य ठिकानों को दोबारा खोलने की संभावनाएं भी देखी हैं।

### ग्रीनलैंड आजादी चाह रहा

ग्रीनलैंड लंबे समय से ज्यादा स्वायत्तता और आजादी की मांग करता रहा है। वहां कई लोग इसे स्वतंत्र देश बनाना चाहते हैं। अभी इसकी रक्षा की जिम्मेदारी डेनमार्क के पास है। ट्रंप प्रशासन की चिंता रही है कि अगर भविष्य में ग्रीनलैंड स्वतंत्र देश बन जाता है, तो अमेरिका की मौजूदा सैन्य पहुंच पर क्या असर पड़ेगा। नए समझौते में इस स्थिति को भी शामिल किया गया है।

### अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे जिनपिंग — चीन के राष्ट्रपति का ट्रंप एयरपोर्ट पर करेंगे स्वागत




डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते अमेरिका आएंगे। यह एक दशक से ज्यादा समय बाद चीन के किसी नेता की पहली राजकीय यात्रा होगी। शी वाशिंगटन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। शी का विमान बुधवार को वॉशिंगटन के बाहर स्थित ज्वाइंट बेस एंड्रयूज पहुंचेगा। ट्रंप खुद एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करने मौजूद रहेंगे। शी की यात्रा का मुख्य कार्यक्रम गुरुवार को होगा। ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप, शी और उनकी पत्नी पेंग लियुआन का स्वागत करेंगे। इसके लिए व्हाइट हाउस के स्टेट फ्लोर पर स्वागत समारोह होगा।

## इंदौर में पांचवां 'छात्रों की गूंज'

# राहुल गांधी बोले- सिस्टम अंधभक्त पैदा कर रहा है



**इंदौर**। राहुल गांधी ने इंदौर में 'छात्रों की गूंज' को संबोधित किया। कार्यक्रम के 5वें एडिशन में उन्होंने 'सिस्टम बनाम स्टूडेंट्स' विषय पर करीब 60 मिनट बात की। कार्यक्रम के लिए IDA ग्राउंड पर 20 से 25 हजार युवा पहुंचे। छात्रों से सवाल-जवाब के दौरान राहुल ने कहा- सिस्टम नहीं चाहता कि स्टूडेंट्स सवाल पूछें, इसलिए वह अंधभक्त पैदा करता है। उन्होंने कहा- छात्रों का सिस्टम से भरोसा उठ गया है, हालांकि कुछ जगह कैंडिडेट्स की भी गलती है। छात्रों ने जवाब दिया- सर, हम सिस्टम से हार गए।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2026 में देश में 15-29 साल की उम्र के करीब 36.74 करोड़ युवा हैं। यानी कुल आबादी का करीब 26% युवाओं की हिस्सेदारी है। 2029 के लोकसभा चुनाव में यही वोटर होंगे। इसीलिए राजनीतिक दल Gen-Z और युवा वोटर्स तक पहुंच बढ़ा रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान देश के कुल मतदाताओं में 18-29 साल के वोटरों की हिस्सेदारी 22.78% थी। यानी लगभग हर 4 में से एक वोटर जेन-जी है। सरकार के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (PLFS) 2025 के मुताबिक, 15 से 29 साल के युवाओं में बेरोजगारी दर 9.9% है। ग्रामीण इलाकों में युवाओं की बेरोजगारी दर 8.3%, जबकि शहरों में यह 13.6% है। पुरुषों में यह 9.3% और महिलाओं में 11.3% है। राहुल के कार्यक्रम में आई पीएचडी स्टूडेंट सुरभि सिंह ने कहा, राहुल गांधी ने शिक्षा की मौजूदा स्थिति से जुड़े कुछ बेहद अहम मुद्दे उठाए। स्कॉलरशिप समय पर नहीं मिलती हैं और शिक्षा का बजट सिर्फ 2.6% है। इस समय शिक्षा क्षेत्र की स्थिति बेहद खराब है। मेरा मानना है कि स्थिति सुधारने के लिए राहुल गांधी या मौजूदा सरकार को इस दिशा में निश्चित रूप से काम करने की जरूरत है।

# राजस्थान में 11 कंपनियों के 5.55 करोड़ टैक्स के बकाया

### स्टील इंडस्ट्री और स्पा पर भी हुई कार्रवाई

**थिंक राजस्थान • जयपुर**

राजस्थान में टैक्स चोरी, कम कर भुगतान, अपात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) के इस्तेमाल और रिटर्न में गड़बड़ियों के खिलाफ वाणिज्यिक कर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने 15 से 17 सितंबर के बीच 11 प्रतिष्ठानों का सर्वे और निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में करीब 5.55 करोड़ रुपए की देनदारी सामने आई है। वहीं, संबंधित करदाताओं ने अब तक 1.49 करोड़ रुपए से अधिक की राशि नकद जमा अथवा ITC रिवर्सल के रूप में जमा की है। कई मामलों में दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं, जबकि आगे की जांच के लिए संबंधित करदाताओं को समन भी जारी किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अभी सामने आई कर देनदारी प्रारंभिक जांच पर आधारित है।

# पाक सेना-आतंकियों की मुठभेड़: 20 घंटे गोलीबारी, 8 आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट में सेना और उग्रवादियों के बीच 20 घंटे तक मुठभेड़ चली। शनिवार को प्रांत की पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन में 8 उग्रवादी मारे गए और इसके साथ ही मुठभेड़ खत्म हो गई। ये वही उग्रवादी थे, जिन्होंने एक दिन पहले विस्फोटकों से भरी कार पुलिस परिसर की मस्जिद के गेट से भिड़ा दी थी और फिर गोलीबारी शुरू कर दी थी। इस हमले में अब तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 16 पुलिसकर्मी हैं। 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

शुक्रवार दोपहर पुलिसकर्मी और उनके परिवार के लोग परिसर के अंदर बनी मस्जिद में नमाज पढ़ रहे थे। इसी दौरान हमलावर विस्फोटकों से भरी कार लेकर पहुंचे और उसे मस्जिद की दीवार से टकरा दिया। तेज धमाके के बाद कुछ हमलावरों ने परिसर में घुसकर पुलिस और सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

धमाके से मस्जिद की दीवारें गिर गईं और कई लोग मलबे में दब गए। घटनास्थल की तस्वीरों में बड़ी संख्या में ईंट-पत्थर और टूटी दीवारें दिखाई दीं। हमले की जगह कोहाट का ओल्ड पुलिस लाइंस परिसर था। यह सामान्य पुलिस चौकी नहीं, बल्कि जिला स्तर का बड़ा पुलिस मुख्यालय है। यहां काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (CTD), स्पेशल ब्रांच और पुलिस की दूसरी इकाइयों के दफ्तर हैं।

हमले के बाद कुछ हमलावर परिसर की स्पेशल ब्रांच की इमारत में छिप गए थे। पुलिस और उनके बीच रात में भी गोलीबारी हुई। हमले के बाद सुरक्षा कारणों से कोहाट-हंगू रोड को भी बंद कर दिया गया था।



## आईआईटी रुड़की के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

# 'एक नक्शे को पढ़ने के समान है जिंदगी, सही पढ़ने वाले को ही नसीब होती कामयाबी': डोभाल

**नई दिल्ली**

देवभूमि उत्तराखंड स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के लिए शनिवार का दिन यादगार बन गया। मौका था संस्थान के दो दिवसीय दीक्षांत समारोह-2026 का, जिसके पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए अपने पेशेवर जीवन के कुछ अनुभवों को ऐसे सामने रखा कि सभी को लगा कि ये उनके जीवन का सार था।

▪ संस्थान के 1277 छात्रों को एनएसए ने प्रदान की स्नातक डिग्रियां

लेकिन हकीकत में छात्रों को इससे बहुत बड़ी सीख मिली। समारोह में एनएसए ने न केवल छात्रों को डिग्री प्रदान की। बल्कि आयोजन के बाद बच्चों में उनके साथ फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने का भी जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जबकि समारोह की अध्यक्षता आईआईटी रुड़की के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के अध्यक्ष और पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे ने की। संस्थान की तरफ से एनएसए को मानद उपाधि 'ऑनोरिस कौसा' से सम्मानित किया गया है।

### 20 साल की उम्र में चीन को समझने चला

उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में महज 20 वर्ष की छोटी आयु में सिक्किम राज्य में हुई अपनी तैनाती का किस्सा सुनाते हुए कहा कि यह मेरी सबसे पहली पोस्टिंग थी। जिसमें मुझे पूर्वोत्तर के इस राज्य का इंटेलिजेंस प्रभारी बनाया गया था। एक अहम बात ये थी कि सिक्किम का उस दौरान भारत में आधिकारिक रूप से विलय नहीं हुआ था। लेकिन उसकी प्रक्रिया चल रही थी और मैं भी उसका हिस्सा था। मुझे सरकार ने प्रदेश के अलावा सीमाई इलाकों पर नजर रखने,



चीन की पीएलए सेना की गतिविधियों का आकलन कर उनके बारे में खुफिया जानकारी एकत्रित करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी।

हमने सीमा से लगे इलाकों में अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए एक खुफिया मिशन भेजा था। जिसे तकरीबन सात से आठ दिन में वापसी करनी थी। लेकिन 5 से होते-होते पहले 10 और बाद में एक पखवाड़ा यानी 15 दिन बीत जाने तक जब कोई खोज खबर नहीं मिली। तो हमें चिंता हुई। फिर दिल्ली मुख्यालय से फोन की घंटी बजी, मुझे मेरे बॉस ने बताया कि सभी लोगों को चीन की सेना ने पकड़ लिया है। उनसे पूछताछ की गई। लेकिन बाद में दोनों देशों के बीच हुई बातचीत के बाद उन्हें वापस भेज दिया गया है।

### शेरपा ने खोला जीवन का गूढ़ रहस्य

चीनी सेना द्वारा पकड़े गए लोगों के मामले की बाद में जांच हुई। जिसमें मुझे निर्दोष पाया गया। इन सबके बीच एक बार मुझे लगा कि अब मेरा करियर खत्म हो चुका है और मुझे किसी अन्य दिशा में आगे बढ़ना होगा। कुछ समय बीता और मुझे जानकारी मिली की मुख्यालय की तरफ से मिशन को लेकर हमें भेजे गए नक्शों और उनसे जुड़े स्कैच में खामियां थीं।

जिसकी वजह से यह सब कुछ हुआ। वरना मेरा मानना था कि मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी के साथ किया था। आखिर चूक कहां हो गई? उन्होंने ये भी बताया कि घटना ने उन्हें अंदर तक पूरी तरह से झकझोरकर रख दिया था। तभी उनकी बातचीत अपनी इंटेलिजेंस टीम के एक सदस्य और उम्रदराज शेरपा से हुई। उसने डोभाल की परेशानी का कारण पूछा। उन्होंने कहा, करियर को लेकर काफी आकांक्षाएं थीं, लेकिन अब मानसिक रूप से परेशान हूं। शेरपा बोला, परेशान मत होइए सर, जिंदगी भी एक मैप रीडिंग के समान ही है, जिसे मैप को सही से पढ़ना आता है, वही कामयाब है। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो इसे गलत तरीके से पढ़ते हैं।

### छात्रों को दी यह जरूरी सीख

उन्होंने युवाओं से कहा कि मेरे जीवन के इस किस्से को किसी कहानी के अंश के तौर पर देखने, समझने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि इससे ये सीख मिलती है कि अगर आपके जीवन में भी कभी ऐसा पल आए कि आपको लगे की सब कुछ खत्म हो गया है। तब भी यह सोचना कि उस वक्त आप कहां खड़े हैं, आपका जाना कहां है और इससे भी बढ़कर कि आपका रास्ता क्या है? यह सब कुछ आपको पता होना चाहिए।

### *तकनीक की होगी अहम भूमिका*

*डोभाल ने छात्रों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप काफी खुशकिस्मत हैं। क्योंकि आप देश की लगभग 1000वीं भाग्यशाली पीढ़ी हैं। जिसके पास अवसरों की भरमार है। जबकि पहले की पीढ़ियों की बात करें तो उनके पास आपकी तरह न तो बहुत अधिक अवसर थे और न ही भारत उस वक्त तकनीक के मामले में बहुत समृद्ध था। आज किसी भी समाज या देश को आगे बढ़ाने में मसलन उसकी प्रगति, उन्नति में तकनीक ही सबसे बड़े कारक के रूप में हमारे सामने मौजूद है।*

### *1277 छात्रों को मिली स्नातक की डिग्री*

*एनएसए ने कुल 1277 छात्रों को स्नातक की डिग्री प्रदान की। जिसमें बीटेक, बीआर्क, इंटीग्रेटेड एमटेक, इंटीग्रेटेड एमएससी जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं। 1277 छात्रों में 1 हजार 1 लड़के और 276 लड़कियां शामिल हैं। यहां बता दें कि यह समारोह दो दिवसीय है। जिसमें कुल 2 हजार 701 डिग्रियां छात्रों को प्रदान की जाएंगी।*

### देश का सबसे पुराना इंजीनियरिंग संस्थान

आईआईटी रुड़की देश के सबसे पुराने आईआईटी संस्थानों में से एक है। जिसकी शुरुआत आजादी से भी बहुत पहले 1847 में एक सिविल इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी। जबकि 1854 में इसका नाम बदलकर थॉमसन कॉलेज ऑफ सिविल इंजीनियरिंग रख दिया गया था। 1949 में इसे आजाद भारत के पहले इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय (बाद में नाम परिवर्तन के साथ हुआ रुड़की विश्वविद्यालय) का दर्जा मिला। इसके बाद वर्ष 2001 में इसे केंद्र सरकार ने आधिकारिक रूप से देश के आईआईटी संस्थान के रूप में तब्दील कर दिया था। ये संस्थान उत्तराखंड के रुड़की शहर में लगभग 365 एकड़ में फैला हुआ है।

# माउंटआबू: गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन, शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु







थिंक राजस्थान • माउंटआबू

पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में चल रहे दिवसीय गणेशोत्सव शुक्रवार की देर रात्रि में सम्पन्न हुआ । विंडर मेयर लैक कमला नेहरू पार्क में शुक्रवार की देर रात्रि तक शहरभर से आ रही गणपति प्रतिमाओं को क्रमबद्ध पूजन कर प्रशासन व गणपति महोत्सव समिति के माध्यम से विसर्जन करवाया गया । इससे पूर्व शहर के धड़ाधड़ महादेव मंदिर पर शहर भर के 40 से अधिक स्थान से इन प्रतिमाओं को क्रमबद्ध करके शोभा यात्रा के रूप में शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकाला गया । धड़ाधड़ महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई या शोभायात्रा महात्मा गांधी पुस्तकालय रोटरी सर्किल सब्जी मंडी नक्की झील मार्ग तिब्बती मार्केट से होती भी विंडर मेयर लेक कमला नेहरू पार्क पहुंची जहां कमला नेहरू पार्क के पीछे गणपति महोत्सव समिति के सदस्यों एवं प्रशासन की सदस्यों के द्वारा सभी प्रतिमाओं को क्रमवार विसर्जित किया गया ।

गणपति महोत्सव समिति के अध्यक्ष देवेंद्र जानी ने बताया कि गणपति महोत्सव समिति के उपाध्यक्ष अधिवक्ता बद्रीलाल कब्र देवेंद्र भंडारी राजकुमार परमार सचिव सुरेश सिंगर हम बहादुर खत्री आईटी सेल के पर्वत सिंह बारोड नगर प्रमुख सिंह जिला सह सचिव दीपक त्रिपाठी, तहसील महामंत्री वीरेंद्र सिंह चौहान जिला संगठन प्रमुख प्रताप सिंह मकवाना नगर प्रभारी प्रह्लाद जैसवार, सचिन आशुतोष कनौजिया नगर सहसचिव देवी सिंह दहिया संगठन मंत्री दीपक कुशवाहा प्रचारक जितेंद्र बनोडा संयोजक खुशवंत राणा आईटी सेल के चिराग धनानी सहित मीडिया प्रभारी अभिषेक थिंगर समूचे मार्ग में व्यवस्थाओं को बनाते हुए चल रहे थे । इन्हीं के साथ में थाना अधिकारी दलपत सिंह राठौड़ व उप अधीक्षक पुलिस जितेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी समूची शोभायात्रा में शांति व्यवस्था पर गहनता से नजरे जमाए हुए थे।

## ब्रीफ न्यूज

### मनमोहन बैरवा कार्यालय पुलिस उपायुक्त द्वारा सम्मानित



थिंक राजस्थान • चाकसू

शिवदासपुरा थाने में कार्यरत सहायक उप निरिक्षक मनमोहन बैरवा को जिला जयपुर दक्षिण में नवीन आपराधिक कानूनों के निर्धारित मापदण्डो के अनुरूप जिले में सर्वाधिक प्रकरणों के निस्तारण पर पुलिस उपायुक्त, आयुक्तालय जयपुर दक्षिण द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिवदासपुरा थानाधिकारी ने बताया की सहायक उप निरिक्षक मनमोहन बैरवा ने पूर्ण ईमानदारी, लगन व निष्ठा से कठोर परिश्रम कर जिला जयपुर दक्षिण में नवीन आपराधिक कानूनों के निर्धारित मापदण्डो के अनुरूप जिले में सर्वाधिक 57 प्रकरणों के निस्तारण किया गया। इसके लिए जयपुर दक्षिण पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### अनु वर्मा को मिला अंतर्राष्ट्रीय विमेन आइकॉन अवार्ड

थिंक राजस्थान • चाकसू

वूमेन वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा एक ऑनलाइन अवॉर्ड कार्यक्रम "Women Icon Award 2026"* का आयोजन किया गया यह अवॉर्ड उन महिलाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है जिन्होंने अपने समर्पण, ज्ञान और उपलब्धियों से समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।




इसी कड़ी में जयपुर, राजस्थान की अनु वर्मा का चयन इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए किया गया है। उन्हें यह सम्मान शिक्षण के क्षेत्र में उनके सराहनीय कार्य के लिए दिया गया है। शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ज्ञान को बढ़ाने, युवा मस्तिष्क को विकसित करने और शिक्षार्थियों के विकास में योगदान देने के जुनून को दर्शाती है। अपने समर्पित और निरंतर प्रयासों से उन्होंने यह साबित किया है कि शिक्षा व्यक्ति के निर्माण और एक मजबूत समाज के निर्माण में कितनी महत्वपूर्ण है। शिक्षण के प्रति उनका उत्साह और ज्ञान साझा करने की उनकी प्रतिबद्धता उन्हें शिक्षा क्षेत्र में दूसरों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनाती है। Women World Records ने अनु वर्मा को इस सम्मान के लिए हार्दिक बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आजादी में रहा कलमकारों का योगदान, सुरक्षा की गारंटी जरूरी : डॉ. अनुराग

### जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सक्सेना ने मांग उठाई- महाराष्ट्र की तर्ज पर पूरे देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करे सरकार

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता की सुरक्षा और स्वतंत्रता को लेकर देशभर में बहस तेज हो गई है। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने मांग उठाई है कि महाराष्ट्र की तर्ज पर देशभर में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक कलमकार सुरक्षित नहीं होंगे, तब तक लोकतंत्र की नींव मजबूत नहीं हो सकती। डॉ. सक्सेना ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सत्ता के दुरुपयोग पर सवाल उठाने, जनहित के मुद्दों को उठाने और समाज में जागरूकता फैलाने का काम करती है। उन्होंने याद दिलाया कि देश की आजादी की लड़ाई में भी कलमकारों का योगदान कम नहीं रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अनेक पत्रकारों ने अपनी कलम के जरिए जनचेतना जगाई और अंग्रेजी हुकूमत की नीतियों को बेनकाब किया।



उन्होंने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी पत्रकारों को सुरक्षा, सम्मान और संरक्षण की गारंटी नहीं मिल पाना चिंता का विषय है। महाराष्ट्र में लागू पत्रकार सुरक्षा कानून इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है, जिसे अन्य राज्यों में भी लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गैर-मान्यताप्राप्त पत्रकारों को भी संगठन के माध्यम से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी होगी।

डॉ. सक्सेना ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून केवल एक कानून नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह पत्रकारों के खिलाफ होने वाली हिंसा, धमकी और दबाव की घटनाओं को गंभीरता से ले और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे। साथ ही, पत्रकारों के लिए बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और वित्तीय सहायता जैसी योजनाओं को भी मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया इस दिशा में लगातार प्रयासरत है और देशभर के पत्रकारों को संगठित कर उनकी आवाज बुलंद करने का काम कर रही है। उनका मानना है कि जब पत्रकार सुरक्षित होंगे, तभी वे निडर होकर सच को सामने रख पाएंगे और लोकतंत्र की असली ताकत बन पाएंगे।

## जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का समापन

थिंक राजस्थान • फलौदी



राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) के दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का समापन समारोह शनिवार को डॉ. बीआर अम्बेडकर छात्रावास लोहावट में जिला शिक्षा अधिकारी फलोदी सोहनलाल बिश्नोई के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि बिश्नोई ने कहा कि हमें बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेते हुए शिक्षा, शिक्षार्थी एवं विद्यालय के शैक्षणिक उन्नयन के लिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करना है।आपने धरातल पर कार्य करने पर जोर देते हुए विभिन्न शैक्षिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। समापन सत्र में विभिन्न शैक्षिक तथा संगठनात्मक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने एवं शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया गया। समापन समारोह में एडीपीसी सहीराम बिश्नोई, जिलाध्यक्ष डॉ. मुरलीधर कटारिया, जिला महामंत्री निम्बूराम मेघवाल, गौतमचंद पंवार, परमाराम जयपाल, माणकराम पंवार, अचलाराम जयपाल, डॉ. अर्जुनराम यादव, जगाराम पंवार, शंकरलाल दवे, हीराराम पंवार, चौखराज कटारिया, भारूराम चौहान, ओमप्रकाश बाल्याण विजय कुमार, चंपालाल जयपाल, भंवरलाल परिहार, कैलाशचंद्र, दुर्गाराम दवे, भागीरथराम परिहार, दाऊराम कटारिया, चंद्रपाल शाहपीनी, नरपतराम परिहार, किशोर कुमार एवं नेमीचंद कटारिया सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। अंत में जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## फलौदी में देव झूलनी एकादशी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

### विष्णु विग्रहों की रेवाड़ी पहुंचेगी महादेव मंदिर

थिंक राजस्थान • फलौदी

देव झूलनी एकादशी के अवसर पर 22 सितंबर को फलोदी में भव्य धार्मिक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान शहर के ऐतिहासिक एवं प्राचीन श्री कल्याणराय मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों से विष्णु विग्रह ठाकुरजी की पालकियां (रेवाड़ी) शोभायात्रा के रूप में रानीसर तालाब स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंचेगी।

प्रवक्ता विनोद छंगाणी ने बताया कि शोभायात्रा में फलोदी के विष्णु विग्रह के साथ विभिन्न ठाकुरजी के मंदिरों की पालकियां फलोदी के ऐतिहासिक प्राचीन मन्दिर प्रभु श्री कल्याण राय जी मन्दिर में शामिल होंगी। धार्मिक जयकारों और भक्ति भाव के बीच शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए रामेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। यहां विष्णु विग्रह ठाकुरजी को विधिवत स्नान करवाया जाएगा। इसके बाद शाम को रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विष्णु विग्रह की पूजा-अर्चना, कथा एवं आरती का आयोजन होगा। देव झूलनी एकादशी के इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

## पंचायतीराज चुनाव: बिलाड़ा पंचायत समिति की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची

### ग्रामीण मतदाता सूची में नाम जुड़वा, हटवा सकेंगे

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

**बिलाड़ा**। राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान के निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 की घोषणा शीघ्र प्रस्तावित है। आगामी चुनाव के मद्दे नजर पंचायत समिति बिलाड़ा, कापरड़ा एवं पीपाड़ की 25 फरवरी 2026 को अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, संशोधन करने अथवा नाम हटाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

मदाराम पटेल के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन की लोक सूचना जारी किए जाने की तिथि से 10 दिवस पूर्व तक निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने संशोधन करने अथवा नाम हटाने संबंधी प्राप्त होने वाले आवेदनों का ही लोक सूचना जारी होने की तिथि तक निस्तारण किया जाना है। निर्वाचक नामावली में किसी प्रकार की त्रुटि होने अथवा नाम जोड़ने संशोधन करने या हटाने संबंधी दावा आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो संबंधित सहायक निर्वाचन प्रस्तुतीकरण अधिकारी कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए तहसीलदार मुनेश कुमार के कार्यालय अथवा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय बिलाड़ा में दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

### समय रहते मतदाता सूची जांचने की अपील

आमजन से अनुरोध किया गया है कि आगामी पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के दृष्टिगत अपनी निर्वाचक नामावली का समय रहते अवलोकन करें। नाम अथवा अन्य विवरण में किसी प्रकार की कमी या त्रुटि पाई जाने पर निर्धारित अवधि में आवश्यक दावा आपत्ति अथवा आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि निर्वाचक नामावली में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।



**गहलोत ने ऐसे ही आरोप सचिन पायलट समर्थकों पर लगाए थे, लेकिन साबित नहीं कर सके**

## जोधपुर में 7 निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा को समर्थन दिया तो पूर्व सीएम अशोक गहलोत बोले- 2-2करोड़ रुपए में बिक रहे हैं पार्षद

- मुख्यमंत्री की तरह रोड शो नहीं करने पर गहलोत अब डोटासरा से भी नाराज
- गहलोत को अपने ही घर में मात देने में भाजपा नेता लखावत की अहम भूमिका

थिंक राजस्थान • जोधपुर

सब जानते हैं कि जोधपुर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तीन बार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गृह शहर है। नगर निगम के चुनाव में जोधपुर में कांग्रेस का मेयर बनवाने की जिम्मेदार गहलोत पर ही है। 11 सितंबर को मतदान से दो दिन पहले गहलोत ने जोधपुर में डेरा जमाया और भरतपुर कोशिश की कि कांग्रेस के पार्षद चुनाव जीते, लेकिन 14 सितंबर को घोषित परिणाम में कांग्रेस को 100 वार्डों में से 44 में ही जीत मिली। जबकि मेयर बनाने के लिए 51 पार्षद की जरुरत हे। जोधपुर में भाजपा को भी 45 सीटें ही मिली। 17 सितंबर को 11 निर्दलीय पार्षदों में से 7 ने मेयर चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की घोषणा कर दी। जिन निर्दलीय पार्षदों ने समर्थन दिया उनमें विशाल सांखला, दिनेश शर्मा, चेतन गहलोत, मोहन राम चौधरी, दुर्गा मेवाड़ा, निर्मला नायक शामिल है। यानी भाजपा को 52 पार्षदों का समर्थन मिल गया है, इसलिए भाजपा का मेयर बनना तय है।

इधर जोधपुर में 7 निर्दलीयों ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की, उधर जयपुर में सिविल लाइन स्थित अपने सरकारी आवास पर गहलोत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि भाजपा निर्दलीय पार्षदों को 2-2 करोड़ रुपए में खरीद रही है। असल में गहलोत को जवाब तो अपने घर के 7 निर्दलीय उम्मीदवारों के भाजपा में चले जाने का जवाब देना था, लेकिन अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए गहलोत ने भाजपा पर पार्षदों को खरीदने का आरोप लगा दिया। सवाल उठता है कि गहलोत के घर में ही निर्दलीय पार्षद भाजपा के पास कैसे चले गए? गहलोत ने अपनी राजनीतिक नाकामी पर पर्दा डालने के लिए पार्षदों को ही बिकाऊ कह दिया। गहलोत ने ऐसे आरोप सचिन पायलट के समर्थक विधायकों पर भी लगाए थे। तब गहलोत ने भाजपा पर विधायकों को 35-35 करोड़ रुपए में खरीदने के आरोप लगाए। यह बात अलग है कि गहलोत आज तक भी अपने आरोपों को साबित नहीं कर सके। असल में गहलोत जब भी विफल होते हैं तो अपनी गलती का दोष दूसरों पर डाल देते हैं। गहलोत को पता था कि जोधपुर में 7 निर्दलीय पार्षदों के भाजपा में शामिल होने को लेकर उनसे सवाल पूछा जाएगा, लेकिन गहलोत ने उसी दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी खामियों के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहरा दिया। इतना ही नहीं गहलोत ने शहरी निकाय चुनाव में कांग्रेस के पिछड़ने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को जिम्मेदार माना। गहलोत ने कहा कि जिस प्रकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नगर निगम वाले शहरों में भाजपा के लिए रोड शो किए, उसी प्रकार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भी कांग्रेस के बड़े नेताओं के रोड शो करने चाहिए थे। गहलोत ने इसे कांग्रेस संगठन की राजनीतिक चूक बताया। गहलोत तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। कांग्रेस के पिछड़ने की जिम्मेदारी गहलोत की भी है, लेकिन गहलोत ने अपनी जिम्मेदारी डोटासरा पर डाल दी है। देखना होगा कि गहलोत के इस बयान पर डोटासरा क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

**लखावत ने दी मात:** गहलोत के गृह शहर जोधपुर में 7 निर्दलीय पार्षदों का समर्थन भाजपा को दिलवाने में भाजपा के वरिष्ठ नेता और राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी के साथ लखावत भी जोधपुर संभाग के प्रभारी है। लखावत ने जो रणनीति बनाई उसी के अंतर्गत 11 निर्दलीय पार्षदों से संपर्क साधा गया। 11 में से 7 ने तो भाजपा को समर्थन देने की घोषणा कर दी है। माना जा रहा है कि 21 सितंबर को मतदान से पहले शेष चार पार्षद भी भाजपा को समर्थन देने की घोषणा कर सकते हैं। लखावत का कहना है कि अब जोधपुर में गहलोत का जादू खत्म हो गया है।

**तस्करों के खिलाफ बोरुंदा पुलिस की कार्रवाई**

## 3.71 ग्राम एमडीएमए बरामद, 1 आरोपी को किया गिरफतार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण पंकज यादव निर्देषन में अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना बोरून्दा टीम ने 03.71 ग्राम एमडीएमए बरामद करते हुए 01 आरोपी को गिरफतार करने मे सफलता प्राप्त की।



जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण के निर्देषन में अवैध मादक पदार्थो का परिवहन व बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के सभी थानाधिकारियों को विशेष निर्देश दिये गये, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेष्वरलाल के सुपरविजन में व मनीष देव वृताधिकारी वृत बिलाडा के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी सुजानाराम निपु पुलिस थाना बोरून्दा द्वारा खास मुखबीरी ईतलानुसार कार्यवाही करते हुए कुलदीप पुत्र रेवन्तराम जाति जाट उम्र 42 साल निवासी रतकुडिया पुलिस थाना पीपाडषहर हाल गांव लवारी को दस्तयाब कर तलाषी ली गई तो आरोपी के पास कुल 03.71 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए मिली। जिसपर एमडीएमए को जब्त किया जाकर आरोपी के विरूद्व एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्व किया गया है। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए खरीद फरोख्त के सम्बन्ध मे अग्रिम अनुसंधान जारी है।

**गिरफ्तार मुल्जिम:** कुलदीप पुत्र रेवन्तराम जाति जाट उम्र 42 साल निवासी रतकुडिया पुलिस थाना पीपाडषहर जिला जोधपुर ग्रामीण

उक्त कार्यवाही मे भूमिका निभाने वाले सुजानाराम निपु थानाधिकारी पुलिस थाना बोरून्दा, हैड कानि जोगाराम, कानि. भागीरथ विष्नोई, सुभाष(विषेष भूमिका), नमोनारायण की विषेष भुमिका रही।

# शिरोमणि महासतियों की गाथाओं ने बांधा समां, भावपूर्ण लघु नाटिकाओं ने मोहा मन

## मानसरोवर महिला मंडल के 33वें स्थापना दिवस पर खचाखच भरे सभागार में हुईं प्रेरणादायक प्रस्तुतियां



**थिंक राजस्थान • जयपुर**

पर्वाधिराज दशलक्षण पर्व एवं मानसरोवर महिला मंडल, वरुण पथ के 33वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को वरुण पथ जैन मंदिर स्थित विद्यासागर सभागार में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परम पूज्य गणिनी आर्यिका 105 विभा श्री माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरोमणि महासतियों के जीवन, त्याग, तपस्या और आदर्शों पर आधारित भावपूर्ण लघु नाटिकाओं की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। प्रचार संयोजक जिनेश कुमार जैन ने बताया कि मानसरोवर महिला मंडल की महिलाओं ने विभिन्न महासतियों के प्रेरणादायक जीवन प्रसंगों को अभिनय, संवाद और भावपूर्ण अभिव्यक्ति के माध्यम से मंच पर जीवंत कर दिया। प्रस्तुतियों में धर्म, संस्कार, त्याग और नारी शक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिला। खचाखच भरे सभागार में मौजूद श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया और सभी प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की।

दिगंबर जैन महासमिति से पधारे अनिल जैन एवं उनकी टीम ने भी कार्यक्रम की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि श्वेता बाकलीवाल के निर्देशन, प्रस्तुतियों की तैयारी और मंच संचालन की उत्कृष्ट व्यवस्था किसी प्रोफेशनल टीम की प्रस्तुति से कम नहीं रही। उन्होंने श्वेता बाकलीवाल सहित समस्त महिला मंडल की प्रतिभागी महिलाओं के समर्पण और मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजेंद्र जी कासलीवाल, राजकुमारी जी कासलीवाल, मनोज जी सोगानी, प्रीति जी सोगानी,मोहनलाल जी गंगवाल,प्रो. आई.पी. जैन, प्रो. मृदुला जैन, जय श्री ज्वैलर्स, रजत पथ एवं कलश रेस्टोरेंट सहित सभी सहयोगकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. सुशीला टोंग्या ने बताया कि आगामी 23 सितंबर को महिला मंडल की ओर से एक और विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसका विषय "संस्कारों की कमी का परिणाम" रहेगा। कार्यक्रम के माध्यम से वर्तमान समय में संस्कारों के महत्व तथा संस्कारों की कमी से परिवार और समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष डॉ. सुशीला टोंग्या, मंत्री हिमानी जैन, कोषाध्यक्ष वीणा जैन, संयोजक नीतू पाटनी, परम संरक्षक चंद्रकांता छाबड़ा, संरक्षक मिथलेश गोधा, परामर्शकर्ता शशि सेन जैन एवं हीरामणि छाबड़ा सहित समस्त महिला मंडल सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

**ब्रीफ न्यूज**

### क्रेटा ने बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मारी:हवा में उछलकर सड़क पर गिरे




**थिंक राजस्थान • झुंझुनूं**

झुंझुनूं जिले के चिड़ावा क्षेत्र में ओजटु बाईपास पर 17 सितंबर को दोपहर करीब 2:30 बजे हुए भीषण सड़क हादसे का CCTV फुटेज अब सामने आया है। फुटेज में तेज रफ्तार कार आगे चल रही बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मारती दिखाई दे रही है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार ओजटु बाईपास पर बाइक पर आदिल खान पुत्र अकरम और अख्तर पुत्र रज्जाक निवासी श्योराणो की ढाणी जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई HR नंबर की तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर गए। CCTV फुटेज में हादसे का पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड हुआ है।

### मॉल में घुसकर पहले पेंट-शर्ट पहनकर देखे, फिट लगे तो ले गए चोर

**थिंक राजस्थान • अलवर**

अलवर में शहर के क्रॉस प्वाइंट मॉल से चोर 30 हजार के कपड़े चोरी कर ले गए। चोरों ने दुकान के अंदर बैठकर पहले आराम से जींस और टी-शर्ट पहनकर ट्रायल किया, फिर जो कपड़े फिट आए, उन्हें बटोरकर बैग में भर ले गए। दुकान मालिक नितिन अरोड़ा ने बताया कि क्रॉस प्वाइंट मॉल में उनकी ए-12 नंबर की शॉप है। वे शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे अपनी दुकान रोजाना की तरह बंद करके घर गए थे। शनिवार सुबह पड़ोस के दुकानदार ने फोन पर सूचना दी कि उनकी दुकान में सामान बिखरा हुआ है। बगल का गेट भी टूटा है।

# बाबा भर्तृहरि धाम पर भक्तों की भीड़: लक्खी मेले का समापन आज



**थिंक राजस्थान • माधोगढ़**

अलवर जिले की ग्राम पंचायत माधोगढ़ में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा भर्तृहरि धाम पर लक्खी मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़



उमड़ रही है। दिन के साथ रात में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में देर रात तक भक्तों की आवाजाही जारी है। बाबा के जयकारों से पूरा धाम भक्तिमय हो गया है।

मेले में राजस्थान सहित आसपास के इलाकों से श्रद्धालु बाबा भर्तृहरि के दर्शन करने आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह भंडारे और प्याऊ की व्यवस्था की गई है। मेले में आने वाले भक्तों की सुविधा और व्यवस्थाएं ठीक रखने के लिए मेला प्रशासन और विभिन्न विभागों के कर्मचारी व कार्यकर्ता लगे हुए हैं। बाबा भर्तृहरि धाम पर चल रहे लक्खी मेले का समापन कल सुबह 10 बजे होगा। समापन से पहले रात में भी श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे हैं। मेले में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं पर खास ध्यान दिया जा रहा है, ताकि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। मेले में श्रद्धालुओं में आस्था और उत्साह दिख रहा है। बाबा के दर्शन कर भक्त अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

### मिट्टी में दबने से 14 साल के बच्चे की मौत: चचेरा भाई जयपुर रेफर

**थिंक राजस्थान • चूरू**

चूरू जिले के रतनगढ़ तहसील के खुडेरा गांव में मवेशी चराने गए दो चचेरे भाई मिट्टी में धंस गए। इस हादसे में 14 साल के एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना के समय पास में खेल रहे एक बच्चे ने इसकी जानकारी गांव वालों को दी। ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों भाइयों को मिट्टी से बाहर निकाला। उन्हें रतनगढ़ के जालान अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने अंकित (14) पुत्र मुकेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अमन (16) पुत्र सुरेश कुमार को प्राथमिक इलाज के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक अंकित के दादा भगवानाराम नायक की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की है।

# बाड़मेर में बिना NOC पैरवी करने आए वकील से कहासुनी

- कोर्ट परिसर में बार संघ ने करवाया मामला शांत, पुलिस जाप्ता भी पहुंचा

**थिंक राजस्थान • बाड़मेर**

बाड़मेर कोर्ट परिसर में शनिवार को स्थानीय वकील की बिना NOC के बाहर से आए वकील द्वारा पैरवी करने को लेकर 2 पक्षों में कहासुनी हो गई। सूचना पर बार संघ अध्यक्ष के साथ पुलिस और RAC का जाब्ता मौके पर पहुंचा। बाद में दोनों पक्षों से बातचीत कर मामला शांत करवाया गया। जानकारी के अनुसार बाड़मेर की मुख्य



न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में नागाणा थाना क्षेत्र में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में एडवोकेट पवन गिरी पैरवी कर रहे थे। मामले में आरोपी अजय कुमार दुबे के कोर्ट में पेश नहीं होने पर उसकी जमानत जब्त हो गई थी और उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। शनिवार को आरोपी जयपुर से वकील बीरबल विश्नोई को लेकर आया और कोर्ट में उसकी जमानत अर्जी पेश की गई।

स्थानीय वकील को बिना NOC के बाहर से आए वकील द्वारा जमानत लगाने की जानकारी मिली तो वकीलों ने इसका विरोध किया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ता देख पुलिस और RAC का जाब्ता कोर्ट परिसर पहुंचा।

**NOC के बिना बाहर का वकील पैरवी नहीं कर सकता:** बाड़मेर जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष विष्णु भगवान चौधरी ने बताया कि एडवोकेट एक्ट के तहत बाहर से आने वाला कोई भी वकील, स्थानीय वकील की NOC के बिना पैरवी नहीं कर सकता। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बाद में दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर मामले को शांत करवा दिया गया।

# RSS की किताबों के वितरण पर SFI का विरोध: छात्रों ने फाड़ी बुक्स, जताया आक्रोश; कॉलेज में परीक्षा करवाने का भी आरोप

**थिंक राजस्थान • झुंझुनूं**

झुंझुनूं के आर.आर. मोरारका राजकीय पीजी कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) से जुड़ी किताबों के वितरण और उनसे परीक्षा करवाए जाने के आरोप को लेकर छात्र संगठन SFI ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने किताबें फाड़कर विरोध दर्ज कराया। SFI तहसील अध्यक्ष अमित शेखावत ने कहा- प्रशासनिक स्तर पर सरकारी स्कूलों और महाविद्यालयों में RSS की किताबें वितरित कर विद्यार्थियों को उनमें शामिल विचारधारा से प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है।RSS प्रशासन पर दबाव बनाकर महाविद्यालयों के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों में कार्यरत प्राचार्यों और प्रधानाचार्यों के माध्यम से किताबों का वितरण करवा रहा है।



SFI तहसील अध्यक्ष अमित शेखावत ने कहा- इन किताबों के आधार पर परीक्षा भी करवाई जा रही है और विद्यार्थियों को प्रोत्साहन अथवा इनाम के रूप में राशि देने का प्रावधान रखा गया है। यह विद्यार्थियों की सोच पर एक विशेष विचारधारा थोपने का प्रयास है। छात्र इन किताबों में लिखी सामग्री को पढ़कर RSS को अपना आदर्श मानें, ऐसा माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के विरोध में छात्रों ने किताबें फाड़कर अपना विरोध दर्ज कराया। SFI तहसील महासचिव आकाश धनखड़ ने कहा- शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को तथ्यात्मक और निष्पक्ष शिक्षा मिलनी चाहिए। वर्तमान में RSS द्वारा सरकार के सहयोग से स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षा के बजाय अपनी विचारधारा और धार्मिक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस पर भी चुप्पी साध रखी है।

### प्राचार्य के बयान को लेकर भी जताया विरोध

कॉलेज कमेटी अध्यक्ष पिंटू ने बताया- जब कॉलेज प्राचार्य को इस संबंध में अवगत कराया गया तो उनका कहना था कि किसी छात्र को इसमें भाग लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा रहा है, इसलिए इसमें कुछ गलत नहीं है। SFI पदाधिकारियों ने प्राचार्य के इस रुख का विरोध किया। कहा- सरकारी शिक्षण संस्थानों में किसी विशेष संगठन से जुड़ी सामग्री के वितरण और उसके आधार पर परीक्षा करवाना सही नहीं है। प्रदर्शन के दौरान मोहित राठौड़, इमरान, सोयब, नितिन, अंकित, मासूम, आदित्य, पंकज, रवि सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

### भरतपुर: गांवों में आधे घंटे बारिश: शहर में बादल छाए

**थिंक राजस्थान • भरतपुर**

भरतपुर के ग्रामीण इलाकों में आज तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने पहले ही बारिश की चेतावनी दी हुई थी। सुबह से ही जिले के अलग-अलग इलाकों में बादल छाए हुए थे। ठंडी हवाएं चल रही थी। जिसके बाद ऊंचा नगला, खानवां, गहनौली इलाके में बारिश शुरू हो गई हालांकि भरतपुर शहर में भी बादल छाए थे लेकिन, यहां बारिश नहीं हुई।

मौसम विभाग ने पहले ही बारिश की चेतावनी दी थी। सुबह तो, तेज धूप निकली। दोपहर में घने बादल छा गए। ठंडी हवाएं चलने लगी। जिसके बाद शाम करीब 5 बजे ऊंचा नगला, गहनौली खानवां और उसके आसपास के इलाके में बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक जमकर बारिश हुई। जिससे सड़कों पर भी पानी भर गया। इस समय किसान ने खेतों में ज्वार बाजरा की फसल की हुई है। हालांकि 75 प्रतिशत फसल कट चुकी है।

# अलवर में खाना बनाते समय 90 प्रतिशत झुलस गई महिला

- चूल्हे में केरोसिन डालते ही भभकी आग, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**थिंक राजस्थान • अलवर**



अलवर उद्योग नगर थाना क्षेत्र में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाते समय एक महिला करीब 90 फीसदी झुलस गई, जिसे गंभीर हालत में अलवर जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती करवाया गया है। घटना शुक्रवार शाम भजीट गांव की है।

जानकारी के अनुसार, भजीट निवासी कृष्ण की पत्नी तीजा शुक्रवार शाम घर में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बना रही थी। इसी दौरान चूल्हे की आग को तेज करने के लिए वह उसमें केरोसिन डालने लगी। पास में चल रहे पंखे की हवा के कारण अचानक आग की लपटें भड़क उठीं और तीजा की साड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। आग पकड़ते ही महिला ने चीख-पुकार मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर दौड़े परिजनों ने काफी मशक्कत के बाद कपड़ों में लगी आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक तीजा का शरीर 90 फीसदी तक झुलस चुका था।

हादसे के तुरंत बाद परिजन आनन-फानन में झुलसी हुई महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत बर्न वार्ड में शिफ्ट कर इलाज शुरू किया। डॉक्टरों के मुताबिक महिला की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

# महापौर चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप, उपमहापौर के 3 नामांकन पत्र वितरित

थिंक राजस्थान • पाली

नगर निगम आम चुनाव 2026 के तहत महापौर पद के लिए सोमवार को होने वाले मतदान को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए शनिवार को निगम कार्यालय में निर्वाचन विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप देने का काम तेज कर दिया। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों ने मतदान प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं, आवश्यक दस्तावेजों तथा अन्य तैयारियों को व्यापक स्तर पर पूरा किया।

महापौर पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में -रिटर्निंग अधिकारी नगर निगम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महापौर पद के लिए सोमवार को होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि महापौर पद के लिए अब भाजपा की नमिता बुबकिया, कांग्रेस की सुमित्रा जैन एवं निर्दलीय राजबाला हिंगड चुनाव मैदान में हैं। मतदान प्रक्रिया को निर्धारित नियमों एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।




उपमहापौर पद के लिए तीन नाम निर्देशन पत्र वितरित -सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि शनिवार तक उपमहापौर पद के लिए कुल तीन नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए हैं। इनमें मेहबूब को दो तथा कान्तिलाल को एक नाम निर्देशन पत्र वितरित किया गया। उपमहापौर पद की निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर भी निर्वाचन विभाग की ओर से आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। पार्षद प्रत्याशी शीघ्र प्रस्तुत करें चुनाव खर्च का विवरण - सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र सिंह राणावत ने नगर निगम चुनाव में पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ चुके अभ्यर्थियों से निर्वाचन व्यय का विवरण शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार के दौरान प्रयुक्त वाहन, लाउडस्पीकर, माइक्रोफोन, एम्पलीफायर, पोस्टर, बैनर, हैंडबिल, पेम्फलेट, कटआउट एवं होर्डिंग्स सहित अन्य प्रचार सामग्री पर हुए खर्च का विवरण प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय से संबंधित विवरण निर्धारित प्रक्रिया एवं समय-सीमा के अनुसार प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि निर्वाचन व्यय संबंधी प्रक्रिया को नियमानुसार पूरा किया जा सके।

## ब्रीफ न्यूज

### तेजाजी मंदिर प्रांगण में नवयुवक मंडल ने किया श्रमदान



थिंक राजस्थान • पीपाड़ सिटी

निकटवर्ती रियां सेठों की गांव के बस स्टैंड के पास स्थित श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर परिसर में शनिवार को वीर तेजाजी नवयुवक मंडल के सदस्यों ने श्रमदान कर साफ-सफाई की। नवयुवकों ने मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर आसपास की सफाई की। सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र जाखड़ ने बताया कि मंदिर प्रांगण में 23 सितंबर, बुधवार को शाम को "एक शाम श्री वीर तेजाजी महाराज के नाम" विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक गजेंद्र अजमेरा एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।भजन संध्या को लेकर रविवार सुबह 9 बजे पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यकारिणी सदस्यों ने बताया कि पोस्टर का विमोचन जनप्रतिनिधियों के सानिध्य में किया जाएगा। इस अवसर पर ओमाराम बड़ियार, धर्माराम पूनिया, जितेंद्र जाखड़, सुभाष खुड़खुड़िया, प्रकाश सेंवर, गोविंद खुड़खुड़िया, नेमाराम बड़ियार, रामनिवास खुड़खुड़िया, महिपाल सिरोही, कुलदीप सेंवर, ताराचंद बड़ियार, कपिल बड़ियार सहित वीर तेजाजी नवयुवक मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

### लोकतंत्र की मशाल का अनूठा उदाहरण, एक वोट, एक गोद

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

तपती दुपहरी में मतदान केंद्र पर 9 सितंबर को एक महिला अपने दूधमुंहे बच्चे को गोद में लेकर पहुंची। मतदान करना था, लेकिन मासूम को साथ लेकर मतदान की प्रक्रिया पूरी करना उसके लिए सहज नहीं था। महेंद्र पालावत ने महिला की परेशानी देखी। उन्होंने आगे बढ़कर बच्चे को अपनी गोद में ले लिया और महिला से आग्रह किया आप निश्चिंत होकर मतदान कर आइए, बच्चे को मैं संभालता हूं। महेंद्र जी के लिए



यह जानना भी जरूरी नहीं था कि वह महिला उन्हें वोट देगी या किसी और को। उस पल उनके सामने एक मतदाता थी, जिसे अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना था और उसकी गोद में एक मासूम था, जिसे संभालने की जरूरत थी। कुछ क्षणों के लिए चुनावी गणित पीछे छूट गया और इंसानियत सामने आ गई। एक प्रत्याशी ने वोट मांगने से पहले एक मां की परेशानी बांटी। हो सकता है चुनावी हिसाब में यह सिर्फ एक वोट हो, लेकिन उस महिला के लिए वह उसकी आवाज और लोकतांत्रिक अधिकार था। बच्चे को थामकर महेंद्र पालावत ने जैसे उस अधिकार तक पहुंचने की राह थोड़ी आसान कर दी। महेंद्र पालावत के समर्थक उन्हें गौसेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़ा बताते हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन से उनके जुड़ाव का उल्लेख करते हैं। चुनाव का फैसला मतपेटी करती है, लेकिन इंसानियत की पहचान अक्सर ऐसे ही छोटे और अनकहे क्षणों में होती है।

### राधाष्टमी पर राधारमण जी का 108 कलशों से हुआ महाभिषेक



थिंक राजस्थान • जयपुर

राधाष्टमी के अवसर पर शनिवार को गुप्त वृन्दावन धाम में राधाष्टमी महोत्सव मनाया गया। वृन्दावन गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में श्री श्री राधारमण जी का 108 कलशों से करीब एक घंटे तक महाभिषेक किया गया। इस दौरान हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। श्री श्री राधारमण जी का साल में एक बार राधाष्टमी पर गुप्त वृन्दावन धाम आगमन होता है। जयपुर चारदीवारी में श्री गोविंद देवजी मंदिर के पास स्थित मंदिर से ठाकुर जी को हरिनाम संकीर्तन के साथ गुप्त वृन्दावन धाम लाया गया। यहां भक्तों ने उनके विशेष दर्शन किए। मंदिर के अध्यक्ष अमितासना दास ने बताया - महाभिषेक में पंचामृत, दूध, दही और शहद के साथ 51 प्रकार के फलों के रस और 51 प्रकार के पुष्पों का इस्तेमाल किया गया। महाभिषेक के दौरान श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए। उन्होंने बताया- राधाष्टमी पर मंदिर में 12 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन हुआ। ठाकुर जी को 56 विशेष भोग लगाए गए। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में विशेष भजनों की प्रस्तुति और महाआरती भी हुई। राधाष्टमी महोत्सव की तैयारियां तीन दिन पहले शुरू हो गई थीं। मंदिर में तीन दिवसीय राधाष्टमी कथा महोत्सव हुआ, जिसमें श्रीमती राधारानी की महिमा और श्रीकृष्ण के प्रति उनके प्रेम का वर्णन किया गया। मुख्य दिन पालकी उत्सव, कथा, हरिनाम संकीर्तन, महाभिषेक, भजन, महाआरती और महाप्रसाद सहित कार्यक्रम हुए।

## अनंत चतुर्दशी पर कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

थिंक राजस्थान • पाली

जिले में आगामी 25 सितम्बर, 2026 को अनंत चतुर्दशी पर्व मनाया जाएगा। पर्व के दौरान गणपति विसर्जन के तहत विभिन्न गांवों, कस्बों एवं जिला मुख्यालय पर पानी से भरे नाड़ी, तालाबों, जल कुण्ड, एनिकट, नदी आदि जलभराव स्थलों पर गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इसे देखते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं।

आदेश के अनुसार उपखण्ड मजिस्ट्रेट पाली को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र पाली तथा तहसीलदार पाली को पाली शहर का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार उपखण्ड मजिस्ट्रेट रोहट को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र रोहट एवं तहसीलदार रोहट को कस्बा रोहट के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार उपखण्ड मजिस्ट्रेट बाली को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र बाली तथा तहसीलदार बाली को फालना पुलिस थाना क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार बेड़ को उप तहसील क्षेत्र बेड़ा, नायब तहसीलदार नाणा को उप तहसील क्षेत्र नाणा, उपखण्ड मजिस्ट्रेट सुमेरपुर को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र सुमेरपुर तथा तहसीलदार सुमेरपुर को सांडेराव पुलिस थाना क्षेत्र का दायित्व सौंपा गया है। उपखण्ड मजिस्ट्रेट देसूरी को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र देसूरी तथा तहसीलदार देसूरी को कस्बा सादड़ी, घाणेराव एवं नाडोल क्षेत्र के लिए नियुक्त किया गया है। वहीं उपखण्ड मजिस्ट्रेट रानी को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र रानी तथा तहसीलदार रानी को खिंवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र, उपखण्ड मजिस्ट्रेट सोजत को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र सोजत तथा तहसीलदार सोजत को सोजत रोड व बगड़ी नगर पुलिस थाना क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है।

उपखण्ड मजिस्ट्रेट मारवाड़ जंक्शन को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र मारवाड़ जंक्शन तथा तहसीलदार मारवाड़ जंक्शन को पुलिस थाना सिरियारी क्षेत्र एवं ग्राम आऊवा का दायित्व सौंपा गया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट पाली अनंत चतुर्दशी के दौरान मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सम्पूर्ण जिले की व्यवस्था के प्रभारी रहेंगे। नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में दोनों पर्वों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे। अनंत चतुर्दशी पर्व पर गणपति विसर्जन को देखते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों एवं विसर्जन स्थलों पर आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उपखण्ड मजिस्ट्रेट अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यकता के अनुसार संवेदनशील स्थानों पर तैनात कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखेंगे। साथ ही सभी अपेक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट के उक्त दिवस को अवकाश पर रहने की स्थिति में संबंधित तहसीलदार को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया जाएगा।

## रोहट में घर-घर पहुंचा नल से पेयजल, ग्रामीणों को मिली राहत

थिंक राजस्थान • पाली

**पाली**। जल जीवन मिशन एवं विकसित भारत–जनसेवा अभियान 2026 के तहत ग्राम पंचायत रोहट, पंचायत समिति रोहट द्वारा हिमतनगर कॉलोनी में पेयजल से वंचित परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध करवाकर घर-घर पेयजल पहुंचाया गया। हिमतनगर कॉलोनी में लंबे समय से कई परिवार पेयजल की समस्या से परेशान थे। घरों में नल कनेक्शन नहीं होने के कारण विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को पानी लाने के लिए दूर जाना पड़ता था। इससे समय एवं श्रम की काफी हानि होती थी तथा दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा था।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, रोहट द्वारा पात्र परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध करवाए गए। मिरासी शिवराम मिरासी, रहमान मिरासी, रतन मैरासी, ललित व्यास, कालूराम लोहार एवं श्रीमती निर्मला सहित अन्य परिवारो के घरों में अब नल से पेयजल उपलब्ध हो रहा है। घरों तक नल से पानी पहुंचने से ग्रामीणों को न केवल पेयजल की सुविधा मिली है, बल्कि उनका समय एवं श्रम भी बच रहा है। पहले पानी लाने में लगने वाला समय अब बच्चे पढ़ाई तथा परिवार के सदस्य अन्य आवश्यक कार्यों में लगा पा रहे हैं। महिलाओं एवं बुजुर्गों को भी विशेष राहत मिली है।

एक लाभार्थी ने बताया कि पहले पानी के लिए काफी परेशानी होती थी और पानी लाने में समय एवं मेहनत दोनों लगते थे। अब घर में ही नल से पानी उपलब्ध होने से बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा परिवार के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आई है। इस महत्वपूर्ण कार्य को *रोहट की कनिष्ठ अभियंता सुश्री नन्दनी प्रजापति एवं विभागीय टीम* के प्रयासों से धरातल पर साकार किया गया। घरेलू नल कनेक्शन से हिमतनगर कॉलोनी के परिवारों को स्वच्छ एवं सुगम पेयजल उपलब्ध होने के साथ ही *'हर घर जल'* के लक्ष्य को भी मजबूती मिली है।

## रामूराम व उगमा देवी को मिली वृद्धावस्था पेंशन की सौगात

थिंक राजस्थान • जोधपुर

विकसित भारत–जन सेवा अभियान–2026 के अंतर्गत पंचायत समिति ओसियां मुख्यालय पर आयोजित सेवा सेतु शिविर ग्राम ओसियां निवासी रामूराम पुत्र श्री भेराराम एवं उनकी पत्नी उगमा देवी के लिए राहत का माध्यम बना। दंपति ने शिविर में वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन किया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसी दिन दोनों के पेंशन स्वीकृति पत्र जारी किए गए। रामूराम की आयु 60 वर्ष पूर्ण होने के कारण रियायती किराये पर यात्रा के लिए रोडवेज पास का आवेदन भी ऑनलाइन प्रक्रिया में लिया गया। एक ही स्थान पर पेंशन स्वीकृति और रोडवेज पास की प्रक्रिया होने से दंपति को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। कार्य पूरा होने पर रामूराम एवं उगमा देवी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। सेवा सेतु शिविर ने सरकारी योजनाओं का लाभ सहजता एवं त्वरित रूप से आमजन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता को साकार किया।

**ओसियां के सेवा सेतु शिविर में हाथों-हाथ जारी हुए पेंशन स्वीकृति पत्र**

## तस्कर से 38.70 ग्राम स्मैक जब्त, गिरफ्तार

▪ मेवाड़ से लाकर मारवाड़ में बेच रहा था स्मैक

थिंक राजस्थान • जोधपुर

पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध कार्यवाही हेतु राज्यभर में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक पंकज के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस



अधीक्षक रामेश्वर कड़ेला के निकट सुपरविजन में डीएसटी प्रभारी शंकर कड़वा को अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जिसपर दिनांक 19 सितम्बर 2026 को डीएसटी के हैडकानि. श्री मदन मीणा की मुखबिर आसूचना पर डीएसटी व पुलिस थाना बोरून्दा द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुवे सरहद बोरूदां-मेड़ता रोड़ पर पहुंचे तो ईतलानुसार एक संदिग्ध व्यक्ति बस के इंतजार में खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस जाब्ता को देखकर वहां से जाने लगा तो पुलिस जाब्ता ने तत्परता से घेरा देकर उसे रोककर नाम पता पूछा तो अपना नाम संपतलाल पुत्र केवलराम निवासी जवासिया, पुलिस थाना पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर होना बताया तथा पुलिस टीम द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी संपतलाल के कब्जे से कुल 38.70 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिसपर बरामद अवैध स्मैक को कब्जा पुलिस लिया जाकर आरोपी संपतलाल के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान थानाधिकारी, पुलिस थाना पीपाड़ शहर द्वारा किया जा रहा हैं।

**गिरफ्तार आरोपी**- संपतलाल पुत्र केवलराम निवासी ग्राम जवासिया, पुलिस थाना पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर

कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी शंकर कड़वा, श्रवणकुमार भंवरिया, हैडकानि मदन मीणा (सूचना), मुकनसिंह, हरेन्द्र लोहरा व अशोक भाटी एवं थाना स्तर से श्री सुजानाराम विश्नोई नि0पु0, हैडकानि. जोगाराम, सुभाष, भागीरथ व नमोनारायण की मुख्य भूमिका रही।

## बाल अधिकारिता आयुक्त ने बाल देखरेख संस्थानों का किया निरीक्षण

### शिक्षा, चिकित्सा, काउंसलिंग, खेलकूद तथा सुरक्षा एवं संरक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया

थिंक राजस्थान • पाली

**पाली**। बाल अधिकारिता विभाग के आयुक्त श्री निक्या गोहाइन (IAS) ने शनिवार को पाली जिले में बाल अधिकारिता विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह तथा विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी का निरीक्षण किया। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, पाली की सहायक निदेशक एवं अधीक्षक डॉ. टीना अरोड़ा ने बताया कि राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह तथा विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी किशोर न्याय अधिनियम के तहत पंजीकृत बाल देखरेख संस्थान हैं। सम्प्रेक्षण गृह में विधि से संघर्षरत 12 से 16 वर्ष आयु के 6 बालक, किशोर गृह में 8 से 12 वर्ष आयु के देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले 5 बच्चे तथा विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी में 0 से 3 वर्ष आयु के 4 बच्चे सहित कुल 15 बच्चे आवासित हैं।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने आवासित बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही शिक्षा, चिकित्सा, काउंसलिंग, खेलकूद तथा सुरक्षा एवं संरक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संस्थान में कार्यरत सरकारी, जॉब बेस एवं विजिट बेस कार्मिकों से संवाद कर उनके दायित्वों एवं कार्यों की जानकारी ली तथा सभी कार्मिकों को बच्चों के हित में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित एवं निर्देशित किया।

आयुक्त ने आवासित बच्चों से स्नेहपूर्ण संवाद कर उनकी दिनचर्या, भोजन, मनोरंजन एवं खेल सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग की सराहना की तथा मानसिक विकास के लिए खेल सामग्री उपलब्ध करवाई। किशोर गृह में आवासित बच्चों को कैरम, सांप-सीढ़ी एवं लूडो जैसे खेल भी उपलब्ध करवाए गए। साथ ही शौचालयों, शयन कक्षों की साफ-सफाई तथा रसोईघर में बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। सहायक निदेशक डॉ. टीना अरोड़ा ने बताया कि विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी में आवासित रहे 3 शिशु बालक एवं बालिकाओं का अंतरराष्ट्रीय दत्तक ग्रहण के माध्यम से अमेरिका के परिवार में पारिवारिक पुनर्वास किया गया है। आयुक्त ने इस सफल प्रयास की सराहना की। आयुक्त ने बच्चों की मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए साइकॉलॉजिस्ट द्वारा काउंसलिंग कराने तथा सम्प्रेक्षण गृह में प्रवेश के पश्चात विधि से संघर्षरत प्रत्येक बालक की तैयार की जाने वाली सामाजिक अन्वेक्षण रिपोर्ट (एसआईआर) पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा में प्रस्तावित 50 बालकों की क्षमता वाले किशोर गृह भवन तथा बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के कार्यालय भवनों के निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का भी मौका निरीक्षण किया।

## जयपुर में तीन स्पा सेंटर पर रेड, 10 युवतियां पकड़ीं: 5 युवक भी पकड़े गए

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर पुलिस ने शनिवार को तीन स्पा सेंटरों पर छापेमारी की। सीएसटी यूनिट ने यह कार्रवाई की। रेड के दौरान 10 युवतियों और 5 युवकों समेत कुल 15 लोगों को पकड़ा गया। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि सीएसटी यूनिट ने सोनाक्षी वाइट लोटस स्पा सेंटर, रेड रोज स्पा सेंटर और लकी स्टार थाई स्पा पर एक साथ कार्रवाई की। टीम ने यहां मौजूद युवक-युवतियों, ग्राहकों और अन्य लोगों से पूछताछ की।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ और मौके की परिस्थितियों के आधार पर कुछ लोगों के अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त होने की संदिग्धता सामने आई। इसके बाद तीनों सेंटरों से पकड़े गए 15 लोगों को अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस थाना चित्रकूट के सुपुर्द किया गया। मामले में चित्रकूट थाना पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई जारी है। जयपुर पुलिस के अनुसार, शहर में संचालित स्पा सेंटरों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। विभिन्न पुलिस इकाइयों की ओर से सूचना तंत्र और निगरानी के आधार पर औचक कार्रवाई की जा रही है, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

**प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित पात्र परिवारों को लाभान्वित किया**

## विकसित भारत जन सेवा अभियान में सोजत पंचायत समिति क्षेत्र में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

थिंक राजस्थान • पाली

पंचायत समिति सोजत में **विकसित भारत जन सेवा अभियान-2026 एवं सेवा सेतु अभियान* के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया तथा पात्र लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया।

शिविर में *कृषि विभाग की मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना* के तहत ग्रामीणों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराए गए। ग्राम बिलावास निवासी *हिम्मतराम पुत्र श्री रामलाल* को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया गया। लाभार्थी ने बताया कि अब वह मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिश के अनुसार खाद एवं बीज का उपयोग कर सकेगा। उसने शिविर के माध्यम से योजना का लाभ मिलने पर प्रशासन एवं सरकार का आभार व्यक्त किया।

इसी प्रकार *सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना* से संबंधित प्रकरणों का भी मौके पर निस्तारण किया गया। ग्राम पाखुण्डा निवासी *माणकचंद एसपी पुत्र श्री पाबूराम* की पत्नी की पेंशन के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी *सुरेश कविया* द्वारा पेंशन निरस्तीकरण आदेश प्रदान किया गया। शिविर में *प्रधानमंत्री आवास योजना* से संबंधित पात्र परिवारों को लाभान्वित किया गया। पात्र परिवारों को योजना के तहत आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही एक परिवार को *अन्त्योदय राशन कार्ड* उपलब्ध कराया गया। वहीं विद्यालयी बच्चों को *स्कूल यूनिफॉर्म हेतु आर्थिक सहायता* प्रदान करने की प्रक्रिया भी की गई।

शिविर में कुल 22 सरकारी विभागों ने भाग लिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से प्राप्त प्रकरणों एवं समस्याओं की सुनवाई करते हुए विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया। लाभार्थियों ने शिविर में त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने पर *शिविर प्रभारी विकास अधिकारी सुरेश कविया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। अभियान के दौरान सामने आई ये *सफलता की कहानियां* दर्शाती हैं कि विकसित भारत जन सेवा अभियान एवं सेवा सेतु अभियान के माध्यम से राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच रहा है। ऐसे शिविर *प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास मजबूत करने तथा सरकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम* बन रहे हैं।

### विकसित भारत–जन सेवा अभियान–2026

पंचायत समिति सुमेरपुर में आयोजित विकसित भारत–जन सेवा अभियान 2026 के तहत सेवा सेतु अभियान में ग्राम पंचायत बामनेरा के पेंशन धारक रती/चेलाराम निवासी धनापुरा की पेंशन पिछले 1 वर्ष से बंद थी, जिनकी पेंशन को पुनः चालू की गई। अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय सभी विभागों द्वारा भाग लिया गया एवं ग्रामीणों को विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं की जानकारी दी गई व वंचित लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। उपखण्ड अधिकारी कालूराम कुम्हार, शिविर प्रभारी विकास अधिकारी शैलेन्द्र जोशी, सह प्रभारी पीईओ जितेन्द्र चौधरी, सीबीडीओ किशोर परमार, वरिष्ठ सहायक देवेंद्रसिंह राणावत, भू निरीक्षक दिनेश कुमार, विक्रमसिंह, शुभम रावल एवं अन्य विभागों के अधिकारी/ कार्मिक व ग्रामीण उपस्थित रहें।

# जयपुर में बीजेपी से सुनील कोठारी मेयर प्रत्याशीः पूर्व भाजपा शहर अध्यक्ष रह चुके; कांग्रेस से 3 प्रत्याशियों ने भरा नॉमिनेशन फॉर्म



**जयपुर**। नगर निगम जयपुर के मेयर चुनाव के लिए बीजेपी ने सुनील कोठारी को अपना दावेदार बनाया है। प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी ने उनके नाम की आधिकारिक घोषणा की। बीजेपी ने शुक्रवार को अपने पार्षदों से 3-3 नाम लिए थे। इसके बाद सभी पार्षदों को शुक्रवार को पुष्कर के द सूर्या गोल्डन पैलेस होटल में शिफ्ट किया गया था। आज नाम फाइनल होने के बाद सुनील कोठारी को बाड़ेबंदी से जयपुर बुलाया गया था। कांग्रेस से सुनीता मावर, पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल को हराने वाली सुनीता मेठी और दशरथ अटल ने नॉमिनेशन फॉर्म भरा हैं। हालांकि अधिकृत प्रत्याशी सुनीता मावर होने से बाकी दोनों का फॉर्म स्क्रूटनी में खारिज हो जाएगा। बीजेपी ने पार्षद चुनाव में बहुमत हासिल किया है। ऐसे में कोठारी का जयपुर मेयर बनना लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा 25 सितंबर को होगी।

### बीजेपी में पार्षदों से 3-3 नाम लिखवाए थे

जयपुर में बीजेपी पार्षदों से मेयर प्रत्याशी को लेकर वरीयता पूछी गई थी। सभी पार्षदों से वरीयता के हिसाब से 3-3 नाम लिखवाए गए थे। जयपुर में वैश्य समाज से मेयर बनाने की चर्चा सबसे ज्यादा थी। विधायकों की राय, पार्षदों से हुई रायशुमारी, वरिष्ठता और वित्तीय स्थिति के आंकलन के बाद पार्टी की पहली पसंद इस पद पर सुनील कोठारी रहे। निर्वतमान डिप्टी मेयर पुनीत कर्नावट और सुभाष सिंघी का नाम भी चर्चा में था।

### विधायकों की इच्छा पूरी

कोठारी को मेयर बनाने के साथ ही भाजपा संगठन ने विधायकों की इच्छा भी पूरी कर दी। जयपुर में भाजपा के सभी 6 विधायक चाहते थे कि उनके विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा कोई पार्षद मेयर न बने। सुनील कोठारी वार्ड नंबर 112 से जीते हैं। यह वार्ड किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में आता है और यहां से कांग्रेस के अमीन कागजी विधायक हैं।



कांग्रेस से सुनीता मावर नॉमिनेशन फॉर्म भरते हुए।

## 17 जिलों में कांग्रेस पार्षदों से पूछताछ:13 जगह कांग्रेस की बाड़ेबंदी में घुसी पुलिस

### नेता बोले-सरकार होटलों में बंद पार्षदों को पुलिस से उठवा रही है

**जयपुर**। राजस्थान के कई निकायों के कांग्रेस पार्षद बाड़ेबंदी में रखे गए हैं। इनमें से 13 से अधिक जगह बाड़ेबंदी में अचानक सीआईडी सीबी और पुलिस के पहुंचने और पार्षदों से पूछताछ करने, कुछ जगह धमकाने, उठा ले जाने के आरोप पार्टी नेताओं ने लगाए हैं।

बीकानेर के पार्षदों को जैसलमेर के रुद्राक्ष होटल में चाक चौबंद बाड़ेबंदी में रखा गया था। लेकिन अचानक शुक्रवार सुबह पुलिस और सीआईडी सीबी के लोग पहुंचे और गिनती के साथ सघन पूछताछ शुरू कर दी। कांग्रेस ने कई निकायों के पार्षद गायब होने का आरोप लगाया है। पुलिस पर आरोप लगाते हुए सुरक्षा को लेकर कांग्रेस ने कई जिलों में हंगामा भी किया। कांग्रेस पार्षदों के पीछे पुलिस जाप्ता लगाने को लेकर 30 जिलों में कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपे गए।

### पार्षदों को धमकाने का आरोप

प्रदेश के जयपुर, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, झालावाड़ और पाली सहित 17 जिलों में कांग्रेस ने उनके पार्षदों को धमकाने, डराने, बेचने का आरोप लगाया। जयपुर में शहर अध्यक्ष सुनील शर्मा, विधायक रफीक खान की अगुवाई में कमिश्नर सचिन मित्तल को मामले में ज्ञापन सौंपा गया। इसमें कांग्रेस पार्षदों को जबरन उठाने का आरोप लगाया। शर्मा ने कहा कि पार्षदों को डराया जा रहा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि निकाय चुनाव के दौरान पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षदों को अलग-अलग जगह से उठा लिया गया।

### आईडी कार्ड क्यों लिएः कल्ला

पूर्व मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने सीआईडी के अफसरों को भेजकर जैसलमेर में उनके प्रशिक्षण शिविर में पड़ताल की। सभी पार्षदों से आईडी कार्ड लिया गया। उन्हें धमकाने का काम किया गया।

### खैरथल में पार्षद लापताः प्रत्याशी समेत 4 पर केस

खैरथल नगर परिषद के वार्ड-3 से कांग्रेस पार्षद 14 सितंबर के बाद से लापता हैं। उनके परिजन ने हाइब्रिड सिस्टम से कांग्रेस के सभापति प्रत्याशी बने ओमप्रकाश रोघा समेत 4 लोगों पर किडनैप और मारपीट की एफआईआर करवाई है। उदयपुर की दो नगर पालिकाओं के कांग्रेस पार्षदों की बाड़ेबंदी सिरोही के रिसोर्ट में चल रही है। यहां शुक्रवार को पुलिस पहुंची और तलाशी ली। कांग्रेस पार्षदों की बाड़ेबंदी सिरोही के रिसोर्ट में चल रही है। यहां पुलिस पहुंची और तलाशी ली।

## ब्रीफ न्यूज

### उम्मेदनगर में केसरिया कंवर का 3 दिवसीय मेला शुरू, मुख्य मेला आज



थिंक राजस्थान • मथानिया

मथानिया क्षेत्र के उम्मेदनगर में लोक देवता केसरिया कंवर धाम पर तीन दिवसीय वार्षिक मेले की शुरुआत हो गई है। मेले को लेकर मंदिर परिसर और मेला स्थल पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आसपास के गांवों के साथ दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेला कमेटी के अमर सिंह ने बताया कि मेले की शुरुआत धर्म जागरण, भजन संध्या और भोपा-तरटिया कार्यक्रम के साथ हुई है। मुख्य मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया गया है। शनिवार रात को मंदिर के मुख्य प्रांगण में कोड़ा नृत्य भी किया जाएगा, जिसके लिए मैदान तैयार किया गया है। श्रद्धालुओं के लिए दर्शन, पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश और यातायात की व्यवस्था पर भी खास ध्यान दिया गया है। मेला स्थल पर आसपास के क्षेत्रों से व्यापारी पहुंचने लगे हैं। यहां प्रसाद, मिठाई, खाने-पीने की चीजें, कृषि उपकरण और बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले सहित कई दुकानें लगाई जा रही हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एक अस्थायी पुलिस चौकी भी बनाई गई है। मुख्य मेला 20 सितंबर को भरेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु केसरिया कंवर जी के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। मेले को लेकर उम्मेदनगर सहित आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल है।

### झंवर में केसरिया कंवर का मेला आजः भजन संध्या में कलाकारों ने बांधा समां

थिंक राजस्थान • धुंधाड़ा

**धुंधाड़ा**। झंवर गांव में लोकदेवता केसरिया कंवर का हर साल लगने वाला मेला 20 सितंबर को श्रद्धा और भक्ति के साथ होगा। मेले की पूर्व संध्या पर एक बड़ी भक्ति भजन संध्या रखी जाएगी। मेले की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। गादीपति भोपा जयरूपराम मुंडन ने बताया कि करीब 100 साल पहले गोमाराम मुंडन और नेनाराम कालिराणा केसरिया कंवर की गादी भांडू खुर्द से झंवर लाए थे। इसके बाद गादी को झांकियां नाड़ा के पास स्थापित किया गया। तभी से यहां के श्रद्धालुओं की आस्था इस जगह से जुड़ी है। हर साल यहां मेला लगता है। मेले के दौरान केसरिया कंवर के भोपा अपने शरीर पर लोहे के कोड़ों से प्रहार करेंगे। यह एक पुरानी धार्मिक परंपरा है। भोपा इसे आस्था और विश्वास के साथ निभाते हैं। यह अनुष्ठान मेले में श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण रहेगा। मेले में झंवर और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने की उम्मीद है। श्रद्धालु केसरिया कंवर के दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। वे भक्ति भाव से मेले में शामिल होंगे। ग्रामीणों और आयोजकों में मेले को लेकर काफी उत्साह है।

## लोक मंथन लोक दर्शन परिक्रमा यात्रा की समीक्षा बैठकः तीन अक्टूबर को खांदवा में होगा आयोजन

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं



झुंझनूं में सूरजगढ़ क्षेत्र के खांदवा गांव में 3 अक्टूबर को लोक मंथन लोक दर्शन परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम को लेकर पूर्व आरपीएससी सदस्य एवं सेवानिवृत्त आईपीएस कन्हैयालाल बेरवाल तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जोधपुर प्रांत के संघचालक एवं आरएचआरडी के प्रदेश अध्यक्ष हरदयाल वर्मा ने तैयारियों की समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक शनिवार को जिला मुख्यालय पर हुई। इसमें आयोजन की व्यवस्थाओं से लेकर सांस्कृतिक गतिविधियों, विभिन्न संगठनों की सहभागिता और कार्यकर्ताओं को सौंपे जाने वाले दायित्वों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने संभावित स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक एवं वैचारिक संगठनों के प्रतिनिधियों से अब तक की तैयारियों की जानकारी ली। कार्यक्रम को व्यवस्थित और समन्वित तरीके से आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, आने वाले लोगों की सहभागिता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं को दिए जाने वाले दायित्वों पर चर्चा हुई। आयोजकों ने कार्यक्रम को समयबद्ध तरीके से तैयार करने तथा सभी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।

बैठक में लोक मंथन कार्यक्रम के उद्देश्य तथा लोक संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। साथ ही स्थानीय स्तर पर समाज की सहभागिता बढ़ाने और विभिन्न संगठनों के सहयोग से कार्यक्रम को व्यापक स्वरूप देने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सेवा भारती राजस्थान के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन आयाम प्रमुख महेंद्र भारती, लोक मंथन परिक्रमा दर्शन यात्रा के जिला संयोजक योगेंद्र सिंह सैनी, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला संयोजक हिमांशु सिंह, विद्या भारती के जिला व्यवस्थापक राजेंद्र मेघवाल, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उच्च शिक्षा के जिला सचिव डॉ. विकास भड़िया, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा के जिलाध्यक्ष राजेश जांगिड़, क्रीड़ा भारती के जिला सचिव सुशील यादव तथा अधिवक्ता परिषद के जिला संयोजक अशोक शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक एवं वैचारिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## रेवाड़ीः वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर 2.2 लाख ठगे

### रेवाड़ी पुलिस ने बाड़मेर के युवक को किया गिरफ्तार

**बावल, रेवाड़ी**। साइबर थाना रेवाड़ी पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजस्थान के बाड़मेर जिले के सउओ की ढाणी निवासी मनोज उर्फ मानाराम के तौर पर हुई है। वह फिलहाल अंबेडकर कॉलोनी में किराए पर रहता है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस के अनुसार, 18 जनवरी को हिसार के भैणी अमीरपुर गांव के रहने वाले अमरजीत ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था वह सेक्टर-4ए धारूहेड़ा में किराए पर रहते हैं। अमरजीत ने बताया कि 13 जनवरी को उन्हें एक मैसेज मिला था। मैसेज में वर्क फ्रॉम होम के जरिए पैसे कमाने के लिए एक लिंक पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन कराने को कहा गया था।

### टॉस्क पूरा, मिले रुपए

उन्होंने लिंक पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन कराया, जिसके बाद उन्हें 66 रुपए मिले। इसके बाद लिंक के जरिए इंस्टॉल हुई ऐप पर उन्होंने 100 रुपए जमा कराए, बदले में उन्हें 230 रुपए मिले। ज्यादा टास्क करने के लिए उनसे 900 रुपए जमा कराए गए, जिसके बाद उन्हें 2036 रुपए मिले। इसके बाद अमरजीत ठगों के जाल में फंसते चले गए। आरोपियों ने उनसे कई ट्रांजैक्शन के जरिए कुल 2 लाख 02 हजार 365 रुपए जमा करा लिए। जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की, तो उनसे और पैसे जमा कराने को कहा गया। तब उन्हें पता चला कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। इसके बाद पुलिस ने साइबर थाना रेवाड़ी में ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

ठग ने युवक से 1 लाख 70 हजार रुपए ऐंठे

## जोधपुरः ट्रैक्टर बेचने के नाम पर युवक से ठगी, MD ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जोधपुर**। जोधपुर के डांगियावास थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी का एक नया मामला सामने आया है। जहां शातिर ठग ने ट्रैक्टर बेचने के नाम पर एक युवक से 1 लाख 70 हजार रुपए ऐंठ लिए।

पुलिस के अनुसार, बिसलपुर निवासी पीड़ित रमेश विश्नोई (33) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी विजयकुमार सिंह ने ट्रैक्टर बेचने का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसाया। इसके बाद शातिर बदमाश ने अलग-अलग किश्तों में झांसा देकर कुल 1,70,000 रुपए अपने खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। पैसे ट्रांसफर होने के बाद आरोपी ने न तो ट्रैक्टर दिया और न ही रकम लौटाई। पुलिस ने बीएनएस की धाराओं व आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 42 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ बालोतरा का तस्कर गिरफ्तार

उदयमंदिर थाना पुलिस ने राईका बाग बस स्टैंड के पास कार्रवाई करते हुए बालोतरा निवासी रमेश विश्नोई (27) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 42.13 ग्राम अवैध मैफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स बरामद की गई है। पुलिस अब एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर सप्लाई नेटवर्क की जांच कर रही है।

### ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया

राजीव गांधी नगर थाने में ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। बड़ली निवासी करणसिंह पुत्र प्रभुसिंह राजपुरोहित ने कोर्ट के जरिए मामला दर्ज कराया। बताया कि आरोपी लखाराम, रूपाराम, ताराचंद, छोगाराम, बाबूराम व मुकेश निवासी गुड़ा खोबा, पाली ने एकराय होकर उन्हें अलग-अलग नंबरों से फोन किए। आरोपियों ने जान से मारने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देकर अवैध रूप से 32,200 रुपए ऐंठ लिए। इसके बाद आरोपी 5 लाख रुपए की और मांग कर रहे हैं।

नागौर में एसपी पद खाली रहने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

## निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में मांगा जवाब, आरएलपी ने लगाई थी याचिका

**जोधपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट में नागौर जिले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) का पद खाली होने का मामला पहुंचा है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने इस संबंध में एक जनहित याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब मांगा है। जस्टिस मुन्नुरी लक्ष्मण और जस्टिस संजीत पुरोहित की बेंच ने इस याचिका पर सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। याचिका में बताया गया कि नागौर के तत्कालीन एसपी रोशन मीणा (आईपीएस) का 19 मई 2026 को तबादला हो



गया था। इसके बाद से एसपी का पद खाली है।

निकाय चुनावों को देखते हुए याचिकाकर्ता ने एक स्थायी आईपीएस अधिकारी की नियुक्ति की मांग की थी। याचिका के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने 21 जुलाई को कहा था कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए जिला कलेक्टर और एसपी की भूमिका बहुत जरूरी है। इसके बाद 21 अगस्त को आयोग ने खाली पदों को भरने के लिए गाइडलाइन भी जारी की थी। याचिका में कहा गया है कि इसके बावजूद एसपी का पद खाली रहा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को इसकी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई।

### हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

याचिकाकर्ता ने आशंका जताई है कि चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन की निष्पक्षता पर असर पड़ सकता है। इसलिए उन्होंने एक सही आईपीएस अधिकारी की नियुक्ति के निर्देश मांगे हैं। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मोतीसिंह राजपुरोहित ने वकालत की।

## ICSI भीलवाड़ा चैप्टर की एक दिवसीय कार्यशाला:कॉरपोरेट गवर्नेंस में AI को लेकर बातचीत, वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

**भीलवाड़ा**। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) के भीलवाड़ा चैप्टर की ओर से AI Unlocked: Transforming the Future of Corporate Governance" विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप हुई। वर्कशॉप में कॉरपोरेट गवर्नेंस के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते उपयोग, संभावनाओं पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। कार्यशाला के मुख्य वक्ता सीए रतन सिंह तंवर ने कंपनी सचिवों के लिए AI टूल्स, बोर्ड मैनेजमेंट और रेगुलेटरी कम्प्लायंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता पर व्यावहारिक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि AI आधारित



तकनीकों का प्रभाव कॉरपोरेट क्षेत्र के कई कार्यों और निर्णय प्रक्रियाओं में तेजी से बढ़ रहा है।

ICSI के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएस पवन चांडक ने कहा कि बदलती तकनीक के साथ तालमेल बैठाना और कॉरपोरेट गवर्नेंस में AI का सही और प्रभावी उपयोग करना वर्तमान समय की प्रमुख आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि AI के उपयोग से कंपनी सचिवों के कार्यों में तकनीकी दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ अनुपालन प्रक्रिया को भी अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान ओसवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक प्रवीण ओसवाल ने उद्योग जगत में नई तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव पर विचार साझा किए। वहीं सीएस मनोज कुमार पुरवे और सीएस राहुल शर्मा ने कंपनी सचिवों के लिए आधुनिक कानूनों, AI टूल्स और बदलती रेगुलेटरी व्यवस्थाओं को अपनाने की दिशा में मार्गदर्शन दिया।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम का शुभारंभ ICSI के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएस पवन चांडक, विशिष्ट अतिथि ओसवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक प्रवीण ओसवाल, ICSI सेंट्रल काउंसिल मेंबर सीएस मनोज कुमार पुरवे और NIRC-ICSI के सचिव सीएस राहुल शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में भीलवाड़ा औरआसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कंपनी सचिव, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और कॉरपोरेट प्रोफेशनल्स शामिल हुए। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को AI के व्यावहारिक उपयोग और कॉरपोरेट गवर्नेंस में इसकी भूमिका की जानकारी मिली। कार्यक्रम के पूरा होने पर चैप्टर अध्यक्ष सीएस अदिति बाबेल और सचिव सीएस वरुण काबरा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रायोजकों और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।


### युवक की जमीन हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सीकर**। कोतवाली थाना पुलिस ने मानसिक रूप से कमजोर युवक की जमीन हड़पने वाले आरोपी को गजसिंह(31) को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक ने मानसिक रूप से कमजोर युवक के बैंक अकाउंट और आधार कार्ड से खुद के नंबर जुड़वा लिए थे। डीएलसी अमाउंट भी अपने अकाउंट में वापस ट्रांसफर कर लिया था। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। SHO सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया- इस संबंध में दुर्गापुरा के रहने वाले रणवीर सिंह ने मुकदमा दर्ज करवाया था। गांव के ही रहने वाले गजसिंह और उसके साथी भंवरलाल,सुरेश कुमार ने मदन की मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर उसके नाम से उसके हिस्से की जमीन का सेल एग्रीमेंट बनवाकर रजिस्ट्री करवा ली।

## कार व बाइक की भिड़ंत में पति-पत्नी और बेटे की मौत

**भीलवाड़ा**। भीलवाड़ा में तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार पति-पत्नी और बेटे की मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर कार छोड़कर फरार हो गया।

लोगों ने बताया- टक्कर के बाद धमाके जैसी आवाज आई। लोगों ने क्षतिग्रस्त बाइक को कार की पीछे वाली सीट पर रख दिया। हादसा भीलवाड़ा-कोटा नेशनल हाईवे-758 पर बीगोद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे हुआ। थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया- सदर थाना इलाके के रूपाहेली गांव के रहने वाले भगवान (67) पुत्र रोड़ा बागरिया, पत्नी देऊ बागरिया (53) और बेटे रतन बागरिया (24) के साथ मांडलगढ़ की तरफ जा रहे थे। इस दौरान नयागांव के पास दिल्ली नंबर की वरना कार से बाइक की भिड़ंत हो गई। बाइक सवार तीनों लोग उछलकर कार के शीशे पर गिरे। सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आने के कारण तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बीगोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मॉर्च्युरी में रखवाया। थाना प्रभारी ने बताया- हादसे के बाद ड्राइवर कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया।




# 'दुपहिया सीजन-2' का प्रीमियर एक अक्टूबर को

मुंबई। प्राइम वीडियो की हिंदी ओरिजिनल सीरीज दुपहिया के दूसरे सीजन का प्रीमियर एक अक्टूबर को होगा। धडक़पुर की पृष्ठभूमि पर आधारित कॉमेडी-ड्रामा सीरीज के नए सीजन में गांव के लोगों के सामने नई चुनौतियां और परेशानियां आएंगी। दुपहिया के दूसरे सीजन का निर्देशन सोनम नायर ने किया है। सलोना बैन्स जोशी और शुभ शिवदासानी ने बॉम्बे फिल्म कार्टेल एलएलपी के बैनर तले इसका निर्माण किया है। अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग इसके लेखक और रचनाकार हैं। सीरीज में गजराज राव, रेणुका शहाणे, स्पर्श श्रीवास्तव, भुवन अरोड़ा, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

लाइफ Style

# वहीदा

## महात्मा गांधी की मां पुतलीबाई का निभाएंगी किरदार

दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान फिल्मकार अनुभव सिन्हा और सुधीर मिश्रा की आगामी फिल्म में महात्मा गांधी की मां पुतलीबाई की भूमिका निभाएंगी। फिल्म में मनोज बाजपेयी महात्मा गांधी का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सौरभ शुक्ला भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म महात्मा गांधी के जीवन के कम चर्चित 21 दिनों की कहानी पर आधारित है। सुधीर मिश्रा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण अनुभव सिन्हा और नरेंद्र हिरावत ए बनारस मीडियावर्क्स के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म को एनएच स्टूडियोज प्रस्तुत कर रहा है। वहीदा रहमान की मौजूदगी से फिल्म में भावनात्मक गहराई जुडऩे की उम्मीद है।

### वहीदा रहमान का जुड़ना सम्मान की बात : सुधीर

सुधीर मिश्रा ने कहा कि वहीदा रहमान का इस परियोजना का हिस्सा बनना उनके लिए बेहद खास और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि प्यासा, साहिब बीबी और गुलाम, कागज के फूल और गाइड जैसी फिल्मों से उनका गहरा जुड़ाव रहा है और उन्हें यकीन नहीं होता कि ऐसी ऐतिहासिक फिल्मों की अभिनेत्री अब उनके निर्देशन वाली फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं। अनुभव सिन्हा ने कहा कि वहीदा रहमान के साथ फिल्म और खास तौर पर इस परियोजना पर चर्चा करना उनके लिए सम्मान की बात रही। उन्होंने खुशी जताई कि सुधीर मिश्रा और फिल्म की पटकथा वहीदा रहमान को फिर से सेट पर लाने में सफल रहे।



हॉलीवुड मसाला




# विवादों में हॉलीवुड अभिनेत्री स्वीनी

नई दिल्ली। वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड जैसी कई शानदार मूवीज के जरिए फैंस का दिल जीतने वाली हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार सिडनी स्वीनी को भला कौन नहीं जानता। मौजूदा समय में अपनी फिल्मों के अलावा एक विवादित टीवी ऐड को लेकर सिडनी का नाम सुर्खियां बटोर रहा है। जिसमें हॉलीवुड अदाकारा ने बेशर्मी की सारे हदों का पार कर दिया है। स्पोर्ट्स गैंबलिंग कंपनी के लिए किए गए इस विज्ञापन में सिडनी का न्यूड अंदाज देख खेल जगत में हडकंप मच गया है और अभिनेत्री को आलोचनाओं को सामना करना पड़ा रहा है।



# अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन दूसरी बार बनीं मां

लॉस एंजिलस। नेटफिलक्स की लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' में 'इलेवन' की भूमिका निभाने वालीं हॉलीवुड अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन 22 साल की उम्र में दूसरी बार मां बन गई हैं। उन्होंने अपने पति जेक बोंगियोवी के साथ मिलकर एक बेटे का स्वागत किया है। इसका ऐलान उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर किया। साथ में बच्चे की पहली झलक भी दिखाई। मिली और जेक ने इंस्टाग्राम पर अपनी संयुक्त पोस्ट में बेटे के आगमन का ऐलान किया है। उन्होंने बच्चे की एक झलक साझा की है, जिसमें उसका नन्हा हाथ अपने पिता जेक की उंगली में लिपटा हुआ है। वहीं, मिली ने अपना हाथ दोनों हाथों पर रखा हुआ है। तस्वीर में वह अपनी 'मॉम' रिंग भी दिखा रही हैं।



# 'तुम मेरे हो' में एक साथ आएंगे नजर...

मुंबई। गुरमीत चौधरी और ईशा मालवीय पहली बार फिल्म तुम मेरे हो में साथ नजर आएंगे। आशीष पांडा निर्देशित यह फिल्म प्रेम, एक्शन और रोमांच से भरपूर होगी। फिल्म 23 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म ईशा मालवीय की बॉलीवुड में पहली फिल्म है। निर्देशक आशीष पांडा ने कहा कि फिल्म में प्यार के साथ उन भावनाओं और चुनौतियों को भी दिखाया गया है, जो रिश्ते की परीक्षा लेती हैं। रेवा क्रिएटिव हाउस और डेबगुरु फिल्म्स निर्मित इस फिल्म की निर्माता आरती एस और डेबिना बनर्जी हैं। फिल्म की कहानी और पटकथा निरंजन अयंगर तथा पूर्वा नरेश ने लिखी है। संगीत सारेगामा के सहयोग से तैयार किया गया है, जबकि वितरण पीवीआर पिक्चर्स करेगा। फिल्म के निर्माताओं ने इसके पहले पोस्टर जारी किए हैं।



# 'लव रंजन' में छह नए चेहरों की दस्तक

मुंबई। निर्माता लव रंजन की फिल्म 'पहला प्यार दूसरी बार' का पहला पोस्टर जारी कर दिया गया है। अनुज सैनी के निर्देशन में बनी यह फ्रेंडशिप-कॉमेडी फिल्म 23 अक्टूबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के जरिए अलीशा चोपड़ा, स्पर्श वालिया, साक्षी वैद्य, कुणाल वैद्य, सरगुन कौर लूथरा और तुषार छिब्बर हिंदी सिनेमा में अपने अभिनय करियर की शुरुआत कर रहे हैं। जारी पोस्टर में सभी छह कलाकार एक साथ नजर आ रहे हैं। लव फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्माण लव रंजन और अंकुर गर्ग ने किया है। लव रंजन ने कहा कि नए कलाकारों को पेश करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि छह नए चेहरों के लिए एक दुनिया तैयार करना और उन्हें उसमें अपनी लय तलाशते देखना उनके लिए सुखद अनुभव रहा।

टीवी मसाला



# 'बिग बॉस : रोहेद खान बने शो से बेघर होने वाले पहले प्रतियोगी

मुंबई। 'बिग बॉस 20' के हालिया एपिसोड में इस सीजन का पहला एविक्शन देखने को मिला। रोहेद खान शो से बेघर होने वाले पहले प्रतियोगी बन गए हैं। हालांकि, अचानक हुए इस फैसले से फैंस बेहद नाराज हैं। 'एक्स्ट्रा जीवदान' नियम के तहत रोहेद को बिना किसी मजबूत वजह के बेघर किए जाने पर दर्शकों का गुस्सा सोशल मीडिया पर फूट पड़ा है। प्रशंसकों का आरोप है कि निर्माता अपनी सहूलियत के हिसाब से नियम बदलकर पक्षपात कर रहे हैं।

***'वीकेंड का वार' में हुआ सीजन का पहला एविक्शन*** : 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' के साथ ही सीजन के पहले एविक्शन की खबर आ गई है। दूसरे हफ्ते में रोहेद खान शो से बेघर हो गए हैं। उनके साथ आसिफ खान और तन्मय सिंह भी सीधेतौर पर बेघर होने के लिए नामांकित थे। दरअसल, इन तीनों को घर के नियमों का उल्लंघन करते हुए नामांकन पर चर्चा करने के कारण सजा के तौर पर सीधे नॉमिनेट किया गया था, जिसके बाद रोहेद का सफर खत्म हो गया।

***'एक्स्ट्रा जीवदान' नियम पर भड़के दर्शक*** : शो में 'एक्स्ट्रा जीवदान' नियम को लेकर फैंस निर्माता पर भड़क गए हैं। पहले हफ्ते में कम वोट मिलने के बावजूद उदिति सिंह को 'जीवदान' देकर बचा लिया गया था, लेकिन दूसरे हफ्ते में रोहेद के लिए इसका इस्तेमाल नहीं हुआ। निर्माताओं के इस दोहरे रवैये से दर्शक बेहद नाराज हैं। सोशल मीडिया पर लोग इसे पक्षपातपूर्ण बता रहे हैं और उनका कहना है कि ये नियम सिर्फ निर्माता अपनी सहूलियत और पसंद के हिसाब से इस्तेमाल कर रहे हैं।

### उदिति को भी पहले हफ्ते निकालते- यूजर

रोहे के बेघर होने पर एक अन्य यूजर ने लिखा, 'हम जानते हैं कि वह शो में खास योगदान नहीं दे रहे थे, लेकिन यह एविक्शन पूरी तरह से अनुचित है। ये 2X कॉन्सेप्ट बेकार है, वरना पहले हफ्ते में उदिति भी बाहर होती।' 'वीकेंड का वार' एपिसोड में ये साफ हो जाएगा कि एलिमिनेशन की प्रक्रिया कैसे आगे बढ़ती है और क्या आने वाले हफ्तों में 'एक्स्ट्रा जीवदान' ट्विस्ट की कोई भूमिका देखने को मिलेगी।

### कौन हैं रोहेद खान?

रोहेद खान ऑस्ट्रियाई अभिनेता और मॉडल हैं, जिनका जन्म अफगानिस्तान में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग और विज्ञापनों से की। बॉलीवुड में उन्होंने साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' से डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने विलेन का किरदार निभाया था। इसके बाद रोहेद अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में भी नजर आए। रोहेद कराटे में ब्लैक बेल्ट हैं और फिल्मों में अपने एक्शन के लिए भी पहचाने जाते हैं।

# अजय की फिल्म 'रेंजर' टली, मगर 'गोलमाल 5' की रिलीज हुई पक्की

*मुंबई। अजय देवगन के फैंस के लिए एक तरफ थोड़ी मायूसी तो दूसरी तरफ बड़ी खुशखबरी आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजय की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रेंजर' की रिलीज को फिलहाल टाल दिया गया है। हालांकि, कॉमेडी के शौकीनों के लिए राहत की बात ये है कि अजय की ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी 'गोलमाल 5' की रिलीज तारीख पक्की हो गई है। आइए जानते हैं रोहित शेट्टी और अजय देवगन की ये सुपरहिट जोड़ी कब सिनेमाघरों में वापसी कर रही है।*

### 8 जनवरी को हंसाने आ रही रोहित शेट्टी की टीम

रोहित शेट्टी की ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फ्रेंचाइजी की अगली किस्त 'गोलमाल 5' की रिलीज तारीख आधिकारिक तौर पर तय हो गई है। ये फिल्म 8 जनवरी, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और साल 2027 की पहली बड़ी फिल्म बनेगी। फिल्म में अजय के साथ-साथ इस बार अक्षय कुमार भी गैंग में शामिल हो रहे हैं। उनके अलावा अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू, तुषार कपूर और शरमन जोशी जैसे सितारे दर्शकों को हंसी का डोज देने के लिए तैयार हैं।



### 'गोलमाल अगेन' के दशक भर बाद आ रही 'गोलमाल 5'

रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली 'गोलमाल 5' के साथ ये ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फ्रेंचाइजी करीब एक दशक बाद वापसी कर रही है। इससे पहले साल 2017 में 'गोलमाल अगेन' रिलीज हुई थी। इस सीरीज की शुरुआत साल 2006 में 'गोलमाल: फन अनलिमिटेड' से हुई थी, जिसके बाद साल 2008 में 'गोलमाल रिटर्न्स' और साल 2010 में 'गोलमाल 3' आई।

### दिसंबर में नहीं अब मार्च में दस्तक देगी 'रेंजर'

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजय की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रेंजर' की रिलीज को टाल दिया गया है। पहले यह फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन अब ये मार्च, 2027 में ईद के बाद रिलीज होगी। जगन शक्ति के निर्देशन और लव रंजन के प्रोडक्शन में बन रही इस जंगल-एडवेंचर फिल्म में अजय एक फॉरेस्ट ऑफिसर की भूमिका में हैं, जो शेरों की रक्षा करते नजर आएंगे। फिल्म में संजय दत्त और तमन्ना भाटिया भी नजर आएंगी।

# राका में अलग अंदाज में दिखे अल्लू रहस्यमय टीजर रिलीज...

मुंबई। आइकन स्टार अल्लू अर्जुन और निर्देशक एटली की बहुप्रतीक्षित फिल्म राका को लेकर रहस्य गहराता जा रहा है। मेकर्स ने 37 के क्रिप्टिक पोस्ट के बाद अब एक और रहस्यमय टीजर जारी किया है, जिसने प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। सन पिक्चर्स की ओर से साझा किए गए टीजर में लिखा है, जो असंभव सा लगता था, उससे भी आगे। हमने कल्पना करने की हिम्मत की। हमने इसे साकार करने की हिम्मत की। राका-एक वैश्विक विजय। टीजर में एक वैश्विक विजय संदेश ने खास तौर पर प्रशंसकों का ध्यान खींचा है। मेकर्स ने फिल्म से जुड़े अहम खुलासे को फिलहाल पर्दे के पीछे रखा है और हर नए संकेत के साथ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा रहे हैं। 37 के बाद सामने आए इस नए टीजर को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। प्रशंसक यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि नए संदेश का पिछले संकेत से कोई संबंध है या नहीं।



# फिल्मी दुनिया में न आते तो इंजीनियर होते विक्की कौशल, सोनू सूद सहित ये सितारे

मुंबई। बॉलीवुड में अभिनय की शुरुआत करने से पहले कई सितारों ने अपनी पढ़ाई पूरी की और अलग-अलग विषयों में डिग्री हासिल की। इनमें कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जिन्होंने इंजीनियरिंग की शिक्षा लेकर बाद में अभिनय को अपना करियर बनाया। आज ये सितारे अपनी शानदार अदाकारी और दमदार किरदारों से दर्शकों के बीच खास पहचान बना चुके हैं। आईए जानते हैं बॉलीवुड के उन सितारों के बारे में जिन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है और अगर बॉलीवुड में नहीं आते तो कहीं इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे होते।

### विक्की कौशल और कृति सैनन



विक्की कौशल ने 2009 में मुंबई के राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले कृति सैनन ने नोएडा स्थित जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से पढ़ाई की। उन्होंने यहां से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी की डिग्री हासिल की थी।

### सोनू सूद



सोनू सूद ने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले नागपुर के यशवंतराव चव्हाण कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से पढ़ाई की थी। उन्होंने यहां से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री हासिल की और इसके बाद अभिनय की दुनिया में अपना करियर शुरू किया।

### सुशांत सिंह राजपूत और तापसी पन्नू

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की थी। हालांकि, अभिनय के लिए उन्होंने अंतिम वर्ष में पढ़ाई छोड़ दी और मनोरंजन की दुनिया में कदम रखा। तापसी पन्नू ने नई दिल्ली के गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और डिग्री हासिल की। मॉडलिंग को करियर बनाने से पहले उन्होंने कुछ समय तक बतौर सॉफ्टवेयर डेवलपर भी काम किया था।

# ऋचा चड्ढा की पहली नॉन-फिक्शन सीरीज़ 'मुसाफिरी' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने अपनी पहली नॉन-फिक्शन सीरीज़ मुसाफिरी का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है। यह रिचा का यूट्यूब पर भी पहला कदम है। आठ एपिसोड की इस सीरीज़ को रिचा ने होस्ट करने के साथ-साथ लिखा और प्रोड्यूस भी किया है। मुसाफिरी नए यूट्यूब चैनल फुल स्टॉप पर 25 सितंबर से प्रसारित होगी। इसके बाद हर शुक्रवार एक नया एपिसोड जारी किया जाएगा। इस चैनल को रिचा चड्ढा और अली फज़ल ने लॉन्च किया है।



मुसाफिरी ऋचा और अली फज़ल के प्रोडक्शन हाउस बटटंस स्टूडियोज़ की दूसरी प्रस्तुति है। इससे पहले प्रोडक्शन हाउस की फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स को सनडांस में कई सम्मान मिले थे। रिचा को इंडी स्पिरिट्स अवार्ड्स में जॉन कैसावेट्स प्राइज़ से सम्मानित किया गया था।

### मां बनने के बाद नजरिया बदल गया : रिचा

रिचा ने कहा कि मां बनने के बाद दुनिया को देखने का उनका नजरिया बदला और उनके भीतर चीजों को नए सिरे से जानने की जिज्ञासा पैदा हुई। उन्होंने सवाल किया कि जिस शहर में वह इतने वर्षों से रह रही हैं, क्या वह वास्तव में मुंबई को जानती हैं और इस शहर ने उन्हें जो कुछ दिया है, उसके प्रति उनकी क्या जिम्मेदारी है। मुसाफिरी के जरिए रिचा अपने ही शहर को एक जिज्ञासु यात्री की नजर से जानने की कोशिश करेंगी। सीरीज़ का पहला सीजन्न पूरी तरह मुंबई को समर्पित है।

# लड़ाकू विमानों ने करतब दिखाए: आसमान में तिरंगा बनाया, हवा में गोते लगाए

## मेरठ में IAF का एयर शो

मेरठ।

मेरठ में आज पहली बार एयरफोर्स का एयर शो हुआ। इसमें लड़ाकू विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। 9 हॉक MK-132 विमानों की गड़गड़ाहट से आसमान गूंज उठा। जमीन से महज 200 फीट की ऊंचाई पर विमानों ने धुएं से लकीरें खींचकर तिरंगा बनाया। हवा में गुलाटियां मारीं।

लड़ाकू विमान एक-दूसरे से 5 मीटर से भी कम दूरी पर एक साथ उड़े। हवा में कभी सीधे तो कभी पलटियां खाते हुए नीचे आए। करीब 30 मिनट तक हजारों लोग गर्दन ऊपर करके विमानों के स्टंट देखते रहे। तालियां और सीटियां बजाते रहे। जैसे विमान उनके ऊपर आकाश में पहुंचता लोग अपनी जगह पर उछल पड़ते। 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के नारे लगाते। एयर शो वायुसेना की सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम के धुरंधर पायलटों ने किया। 2 दिन चलने वाला एयर शो शनिवार सुबह 10:30 बजे न्यू इंटीग्रेटेड टाउनशिप में शुरू हुआ। 9 लड़ाकू विमानों ने गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से उड़ान भरी। कल आखिरी दिन एयरशो में भारी संख्या में दर्शकों के उमड़ने की उम्मीद है। खास बात यह है कि सूर्यकिरण टीम में मेरठ के तीन पायलट हैं। इनमें से स्क्वाड्रन लीडर अमन गोयल और स्क्वाड्रन लीडर राहुल सिंह ने विमान उड़ाया, जबकि स्क्वाड्रन लीडर शरद गोयल ने जमीन (ग्राउंड) से शो का मैनेजमेंट संभाला। एयर शो देखने के लिए 10 से अधिक स्कूलों के छात्र, एनसीसी (NCC) और एनएसएस (NSS) कैडेट्स समेत करीब 10 हजार लोग मौजूद रहे।





### सूर्यकिरण टीम क्या है?

- साल 1996 में सूर्य किरण की स्थापना हुई थी। सूर्य किरण वायुसेना की 52वें स्क्वाड्रन का हिस्सा है। ये टीम इंडियन एयरफोर्स की एयरोबैटिक्स प्रदर्शन टीम है।
- इस टीम में 13 पायलट होते हैं। इसमें से केवल 9 एक साथ उड़ान भरते हैं। केवल लड़ाकू विमान उड़ाने वाले पायलटों को इसके लिए चुना जाता है। इनके पास किरण एयरक्राफ्ट चलाने का 1,000 घंटे और लगभग 2,000 घंटे की लड़ाकू उड़ान का अनुभव होता है।
- पायलटों के अलावा टीम में फ्लाइट कमांडर, एक प्रशासक और क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर होते हैं। यह टीम देश के कई हिस्सों में एयर शो के जरिए हवा में करतब दिखा चुकी है।

## ब्रीफ न्यूज

### स्वास्थ्य कारणों से शाह का महाराष्ट्र दौरा रद्द

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 2 दिनी कोल्हापूर दौरा अचानक स्वास्थ्य खराब होने के



कारण रद्द कर दिया गया है। कर्नाटक के हुबली में अचानक तबीयत खराब होने से वे दिल्ली रवाना हो गए। उन्हें महाराष्ट्र के कोल्हापुर और हुपरी में 600 करोड़ के महालक्ष्मी ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट के भूमि पूजन अन्य कार्यक्रमों में शामिल होना था।

### पीएसीएल धन शोधन केस 42.13 करोड़ के शेयर कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने पीएसीएल लिमिटेड से जुड़े एक बड़े धन शोधन मामले में दिल्ली आंचलिक



कार्यालय ने 42.13 करोड़ के इक्विटी शेयर अस्थायी रूप से कुर्क किए हैं। ये शेयर मेसर्स इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट लिमिटेड के थे, जो मेसर्स एनएन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास थे। कुर्की पीएमएलए अनुसार की।

### जयपुर में आग मामले में 2 अधिकारी निलंबित

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने जयपुर के परकोटे शहर में पुरोहित जी का कटला के सेठी कॉम्प्लेक्स



में भीषण आग लगने के मामले में नगर निगम के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। घटना के कारणों की जांच को एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी व सहायक अग्निशमन अधिकारी को सस्पेंड किया है।

### राहुल मानहानि केस में सुनवाई 15 अक्टूबर को

**हाथरस।** हाथरस की एक अदालत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के



खिलाफ दर्ज मानहानि के केस में पुनरीक्षण याचिका पर उनको नोटिस जारी किया था और मामले में शनिवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन न्यायिक अधिकारी के नहीं रहने से सुनवाई नहीं हुई। अब 15 अक्टूबर को होगी।

### पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में 4.9 तीव्रता का भूकंप

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में शनिवार शाम को 4.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए।



भूकंप का केंद्र भूटान के ग्याल्पोझिंग से लगभग तीन किलोमीटर दूर पृथ्वी की सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में था। इस क्षेत्र में गुवाहाटी सहित अन्य स्थानों पर भी झटके महसूस किए गए। भूकंप शाम चार बजकर एक मिनट पर आया।

## प्रधानमंत्री रोजगार मेला

# पीएम मोदी ने बांटे 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, संबोधित किया

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 20वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कौशल और अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है। सरकार का प्रयास है कि देश के युवाओं की शिक्षा और कौशल बदलती अर्थव्यवस्था की जरूरतों के अनुरूप हों।

### निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का तेजी से विस्तार करने के लिए भी काम कर रही है। इसी उद्देश्य से करीब एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू की गई है। इस योजना के माध्यम से करीब दो करोड़ युवाओं को पहली बार रोजगार मिलने की उम्मीद है। योजना के तहत पहली नौकरी पाने वाले युवाओं को 15 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। साथ ही अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा करने वाले नियोक्ताओं को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### 40 देशों के साथ एफटीए से खुल रहे नए अवसर

मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में करीब 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार





समझौते (एफटीए) किए हैं। इससे देश के युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खुल रहे हैं। इन समझौतों से उद्यमियों के लिए नई साझेदारियां और बाजार उपलब्ध हो रहे हैं तथा युवाओं के लिए रोजगार और करियर की नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की प्रतिभा और कौशल ने दुनिया का भरोसा जीता है तथा भारत के नवोन्मेषकों, उद्यमियों और युवा शक्ति से पूरी दुनिया को बड़ी उम्मीदें हैं।

### छोटे शहरों में भी स्टार्टअप का विस्तार

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। मान्यता प्राप्त करीब आधे स्टार्टअप अब टियर-2 और टियर-3 शहरों में हैं। गांवों, कस्बों और छोटे शहरों के युवा नई अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। छोटे शहरों के युवा अपने विचारों पर काम कर नई कंपनियां शुरू कर रहे हैं और दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं।

### 10 साल में करीब 10.96 लाख नियुक्तियां

इस अवसर पर केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार सृजन और भर्ती के आकलन से सरकारी नियुक्तियों में उल्लेखनीय वृद्धि और पारदर्शिता सामने आई है। उन्होंने बताया कि एनडीए सरकार के दस वर्षों के दौरान संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और रेलवे भर्ती बोर्डों के माध्यम से करीब 10 लाख 96 हजार नियुक्तियां की गईं, जबकि यूपीए सरकार के दौरान इन तीन प्रमुख केंद्रीय भर्ती एजेंसियों के जरिए 7 लाख 22 हजार नियुक्तियां हुई थीं। उन्होंने कहा कि भर्ती व्यवस्था में सुधार के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

### 45 स्थानों पर आयोजित हुआ रोजगार मेला

20वां रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। नवनियुक्त युवा वित्त, रेल, गृह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रक्षा सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में अपनी सेवाएं देंगे। इस रोजगार मेले के साथ अब तक करीब 12 लाख 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। रोजगार मेला युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और देश के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर सरकार के निरंतर जोर को दर्शाता है।

### *भारत के मुक्त व्यापार समझौते युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोल रहे*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने विभिन्न देशों के साथ जो मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, वे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोल रहे हैं। 'रोजगार मेला' को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारतीय युवाओं की प्रतिभा और कौशल ने पूरी दुनिया का भरोसा जीता है तथा दुनिया को भारतीय नवोन्मेषकों, उद्यमियों और देश की युवा शक्ति से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 40 मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। ये एफटीए हमारे युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोल रहे हैं। ऐसे व्यापार समझौते हमारे उद्यमियों के लिए नई साझेदारियों का रास्ता तैयार करते हैं, नए बाजारों तक पहुंच बनाते हैं और युवाओं के लिए करियर की नई संभावनाएं पैदा करते हैं।*

## रेजीनगर उपचुनाव में दिखी 'नौटंकी' ममता के 'आलम' ने वापस होने का ऐलान किया, फिर मारी पलटी



रेजीनगर

पश्चिम बंगाल के रेजीनगर उपचुनाव में शनिवार को घटनाक्रम अचानक बदलता हुआ दिखा। ममता बेनर्जी की पार्टी के उम्मीदवार रबीउल आलम चौधरी ने पहले चुनाव से हटने का ऐलान किया। लेकिन कुछ ही घंटे बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी प्रमुख ममता की इच्छा के अनुसार 6अक्टूबर को होने वाला उपचुनाव लड़ेंगे।यह घटनाक्रम ममता की पार्टी की नंदीग्राम उपचुनाव उम्मीदवार संचिता प्रधान डे के नामांकन वापस लेने के एक दिन बाद हुआ। संचिता ने सीएम शसुवेंदु अधिकारी से मुलाकात के बाद अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी।

### रबीउल ने पहले यह कहा

रबीउल पहले टीएमसी विधायक रह चुके हैं। उन्होंने दोपहर में अपने मुर्शिदाबाद स्थित घर पर पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि मेरे लिए जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार करना मुश्किल होता जा रहा है। इन कार्यकर्ताओं को लगातार परेशान किया जा रहा है।

### ममता से बात के बाद पलटा फैसला

पत्रकारों से बात करते हुए रबीउल ने कहा कि वह ममता के नेतृत्व में लड़ाई जारी रखेंगे और चुनावी मैदान से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी का सिर्फ एक कार्यकर्ता भी उनके साथ खड़ा रहा तो भी वह ममता के प्रतिनिधि के तौर पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया था, लेकिन दीदी से बात करने के बाद मैंने अपना फैसला बदल लिया। दीदी ने मुझे भरोसा दिलाया है।

नंदीग्राम उपचुनाव

### कांग्रेस प्रत्याशी मिलन को 3 अक्टूबर तक जेल

नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था. अब मिलन प्रधान को 3 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस बीच 4 अक्टूबर चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। ममता बेनर्जी खेमे की उम्मीदवार संचिता प्रधान डे ने सीएम सुवेंदु अधिकारी से मुलाकात के बाद अपना नामांकन वापस ले लिया था। इसके बाद ममता ने कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को समर्थन देने का ऐलान किया था। पुलिस ने बताया कि मिलन प्रधान को पुराने मामलों में गिरफ्तार किया गया। मिलन प्रधान के खिलाफ चार गिरफ्तारी वारंट जारी हुए हैं, जिनमें 3हत्या के मामले और एक आर्म्स एक्ट के मामले में जारी किया गया।

## सालियान के पिता सतीश बोले आदित्य को नोटिस, किसी शिव सैनिक से नहीं डरता

मुंबई

दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की एक्स मैनेजर रहीं दिशा सालियान की 8 जून 2020



को मुंबई के मलाड इलाके में एक बहुमंजिला इमारत से गिरने के बाद मौत हो गई थी। इस बीच दिशा के पिता सतीश सालियान ने शनिवार को कहा कि शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे को मानहानि का नोटिस देने के लिए 'मातोश्री' जाने से पहले उन्हें किसी से डर नहीं है।

### न्याय 100 प्रतिशत मिलेगा, दोषी को सजा मिलेगी

जब उनसे पूछा गया कि वे इस केस की प्रगति को कैसे देखते हैं और उन्हें क्या नई बातें होने की उम्मीद है तो सतीश सालियान ने कहा कि न्याय 100 प्रतिशत मिलेगा। जो भी दोषी होगा, उसे सजा मिलेगी।

## दिल्ली एसआईआर में बड़ी खबर सीएम गुप्ता, केजरीवाल के परिवार तक को नोटिस दिया

नई दिल्ली

दिल्ली में एसआईआर प्रक्रिया के तहत नोटिस पाने वाले मतदाताओं में मसीएण रेखा गुप्ता और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के नाम भी सूची में सामने आए हैं। रेखा के रिकॉर्ड में अभिभावक और उनके बीच उम्र का अंतर 15 वर्ष से कम दर्ज होने को विसंगति का आधार बताया गया है। अरविंद केजरीवाल के साथ उनके पिता गोबिंद राम केजरीवाल, मां गीता देवी, पत्नी



सुनीता केजरीवाल और बेटे पुलकित केजरीवाल के नाम भी पिछली एसआईआर से मैपिंग नहीं होने की श्रेणी में दिखाए गए हैं। नोटिस जारी होना मतदाता के अयोग्य घोषित होना नहीं है। लोगों को अपनी पात्रता और रिकॉर्ड स्पष्ट करने का अवसर दिया जा रहा है।

## 4 हाईकोर्ट में 14 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति

दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, झारखंड लद्दाख में मंजूरी

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र की मुहर

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र ने 14 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की है। इन्हें 4हाईकोर्ट में जज और अतिरिक्त जज बनाया गया है। इनमें दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट शामिल हैं।केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि



राष्ट्रपति ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। इन नियुक्तियों के पीछे सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशें हैं। कॉलेजियम की अध्यक्षता सीजेआई सूर्यकांत कर रहे हैं। 10 सितंबर को बैठक में स्वीकृति बनी।

### अनिल और निशा बने दिल्ली हाईकोर्ट के जज

निवेदिता अनिल शर्मा और निशा सहाय सक्सेना को दिल्ली हाईकोर्ट का जज बनाया गया है। संजय शर्मा, भारत पराशर, डॉ. अदिति चौधरी, दिनेश भट्ट और अरुण भारद्वाज को दिल्ली हाईकोर्ट का अतिरिक्त जज नियुक्त किया गया है। यश पाल बोर्नी को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया है।

## लुधियाना में सीएम मान के काफिले पर फेंके टमाटर

# भाजपा नेता बिट्टू पर आरोप, पंजाब पुलिस ने हिरासत में लिया

लुधियाना

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के काफिले पर लुधियाना में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा टमाटर फेंकने का आरोप लगा है। बिट्टू को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मान पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। जब वह कार्यक्रम से बाहर निकले, तो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प बिट्टू ने उनके काफिले पर टमाटर फेंके। बिट्टू ने स्वयं इस घटना की जानकारी दी। बिट्टू ने आरोप लगाया कि उन्होंने मान को अंडे, शराब की बोतल और टमाटर दिए हैं। उन्होंने पंजाब में नशे को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उनके काफिले पर भी आप के कार्यकर्ताओं ने हमला किया था, जिसकी रिपोर्ट उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी है।

### मान पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम में पहुंचे थे



**बिट्टू ने बटाला में अंडे फेंकने का लगाया था आरोप**

बिट्टू ने शुक्रवार को बटाला के पास अपने काफिले पर अंडे फेंके जाने का आरोप लगाया था। वह भाजपा की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' में शामिल होने के लिए पठानकोट जा रहे थे। बिट्टू ने आरोप लगाया था कि उनके काफिले को निशाना बनाया गया था।

### पुलिस कार्रवाई के जरिए दबाया नहीं जा सकता

बिट्टू ने कहा कि पंजाब सरकार के लिए यह स्पष्ट संदेश है कि राजनीतिक विरोध को पुलिस कार्रवाई के जरिए दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर लोकतांत्रिक विरोध का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगे।

### चुनाव से पहले सियासी टकराव बढ़ा

यहांविधानसभा चुनाव से पहले सियासी टकराव तेज होता नजर आ रहा है। बिट्टू मान के काफिले के रास्ते में शराब की बोतल लेकर खड़े हो गए। उन्होंने बोतल काफिले की ओर उठाते हुए कहा कि वह इसे मुख्यमंत्री को वापस करने आए हैं।बिट्टू ने कहा कि वह अपनी शराब का आनंद लें और अरविंद केजरीवाल को दिल्ली से पंजाब को 'लूटने' की छूट देते रहें।

## सेमीकॉन इंडिया 2026

## चिप डिजाइन से मैन्युफैक्चरिंग तक विस्तार, दूसरे दिन हुए 25 समझौते

नई दिल्ली

यहां के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2026के दूसरे दिन शुक्रवार को सेमीकंडक्टर क्षेत्र से जुड़े 25 समझौते और अहम घोषणाएं हुईं। इन समझौतों और रणनीतिक सहयोग के जरिए सेमीकंडक्टर सामग्री, विनिर्माण, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांस्ड पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स, चिप डिजाइन और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में भारत की क्षमताओं को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। सहयोग का



मुख्य फोकस अहम सामग्रियों के स्थानीय उत्पादन, स्वदेशी सिलिकॉन कार्बाइड पावर तकनीक, सेमीकंडक्टर डिजाइन टूल्स, डीप-टेक निवेश,कुशल कार्यबल तैयार करने पर रहा। चर्चाओं में नीति निर्माता, वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियों के अधिकारी रहे।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415